डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel
Search rojgaraurnirman

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 29.03.2021 से 04.04.2021

मेरी सुरक्षा–मेरा मास्क

कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए जरूरी है जागरूकता अभियान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, प्रदेशवासियों को हर स्थिति में फिर से फैल रहे कोरोना संक्रमण से बचाना है। इसके लिए जन-जागरूकता अभियान जरूरी है। 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क' का पालन करते हुए हर व्यक्ति को अपनी सुरक्षा के लिए मास्क का उपयोग करना है। प्रदेश में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। अधिकारी हों या जनप्रतिनिधि या फिर आम नागरिक, सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। कोरोना का कहर गहरा हो इसके पहले हमें अपने सुरक्षात्मक प्रयास तेज करने होंगे। महाराष्ट्र से लगे हुए जिलों में सावधानी बढ़ानी होगी। रविवार को कुछ नगरों में लॉकडाउन और कुछ जिलों में रात्रि 10 बजे बाजार बंद करने के निर्णय के बाद अब जागरूकता अभियान तेज करने का निर्णय लिया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए मास्क ही सबसे महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। बीस व्यक्तियों से अधिक पॉजिटिव प्रकरण जिन जिलों में आ रहे हैं वहां कार्यक्रम या बैठक की अनुमति जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा प्रदान करने का निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही मेलों और अन्य उत्सवों के संबंध में भी जिले की परिस्थिति अनुसार स्थानीय स्तर पर आवश्यक निर्णय लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में फेस मास्क की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। जहां जरूरी हो पर्याप्त संख्या में मास्क आपूर्ति के लिए जिला स्तर पर स्व-सहायता समूहों से मास्क बनवाएं और उनका उपयोग सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से सुझाव भी प्राप्त किए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण के जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें लगभग आधे प्रकरण दो बड़े नगरों इंदौर और भोपाल के हैं। इंदौर और भोपाल नगरों का प्रतिशत प्रदेश के कुल प्रकरणों का क्रमशः 27 और 25 है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रदेश में वैक्सीनेशन का कार्य प्रगति पर है।

जन-जागरण अभियान जोर-शोर से चलाएं

श्री चौहान ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी स्वयं मास्क लगाएं और इसका फोटो 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क' स्लोगन के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करें। इस प्रचार अभियान का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। हमें मध्यप्रदेश को लॉकडाउन की ओर नहीं ले जाना है। प्रदेश में बहुत मुश्किल से अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का कार्य हुआ है। छोटे कारोबारियों और रोज कमाने-खाने वालों को बढ़ते कोरोना संक्रमण से सर्वाधिक हानि होती है। प्रदेश की जनता के हित में हम सभी को फेस मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करना है।

मेरी होली–मेरे घर

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ सप्ताह यह अभियान निरंतर चले। हम सभी सतर्क रहें। मेले भी न लगाएं। बीस से अधिक संख्या के आयोजन न हों। क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप ये व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्री चौहान ने कहा कि कोरोना की रफ्तार थम जाए, इसके लिए सभी को जुटना होगा, तभी हम मध्यप्रदेश को सुरक्षित रखने में कामयाब होंगे। 'मेरी होली-मेरे घर' के नारे को लागू करें। अन्य त्योहार भी परिवार के स्तर पर ही मनाए जाएं। सोशल डिस्टेंसिंग के पालन में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

रतलाम से क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा बताया गया कि राजस्थान और गुजरात सीमाओं के कारण सतर्कता बरती जा रही है। अशोक नगर जिले के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा सुझाव दिया गया कि होली के अवसर पर होने वाला करीला मेला संक्रमण से बचाव की दृष्टि से स्थगित करना उचित रहेगा।

फसल ऋण वसूली अवधि एक माह बढ़ेगी

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि प्रदेश सरकार किसानों को राहत देने जा रही है। उन्होंने बताया कि किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च को होने वाली फसल ऋण वसूली की अवधि को 1 माह बढ़ाए जाने पर सहमति प्रदान कर दी है।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

फसल क्षति का आकलन कर दी जाए सहायता - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में हुई बे-मौसम वर्षा के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित जिलों में क्षति के आकलन कार्य को तत्काल प्रारंभ किया जाए। बे-मौसम हुई बारिश से फसलों को हुई क्षति का सर्वे कार्य पूरी ईमानदारी से किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को सर्वे के बाद आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

पंचायत में चस्पा हो रिपोर्ट

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सर्वे की रिपोर्ट पंचायत कार्यालय में चस्पा की जाए, जिससे सर्वे में प्राप्त फसलों की क्षति की जानकारी संबंधित किसान को भी प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को नियमानुसार फसल बीमा योजना का लाभ भी दिलवाने का कार्य हो।

जन हानि, पशु हानि पर प्रावधान के अनुसार मदद की जाए

श्री चौहान ने कहा कि फसलों की हानि के साथ ही जनहानि और पशु हानि के प्रकरणों में भी सहायता दी जाए। जहां जन हानि हुई है, प्रावधान अनुसार चार-चार लाख की राशि प्रभावित परिवारों को दी जाए। कृषि विभाग और राजस्व विभाग संयुक्त निरीक्षण करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधान के अनुसार पात्र प्रभावितों की पूरी मदद की जाए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब 15 से 20 जिलों में असमय वर्षा हुई है। कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई है। अभी क्षति का आकलन किया जा रहा है। शीघ्र ही जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त होगा। पश्चिम मध्यप्रदेश के दो-तीन जिलों में और चंबल क्षेत्र में भी वर्षा हुई है।

श्री शिवराज सिंह चौहान पहले जनसेवक हैं, मुख्यमंत्री बाद में

मुख्यमंत्री के रूप में श्री शिवराज सिंह चौहान के विभिन्न कार्यकालों पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि प्रत्येक कार्यकाल विशेष रहा है। प्रथम कार्यकाल में उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, विद्यार्थियों को विद्यालय जाने के लिए सायकिल प्रदाय जैसे कल्याणकारी कार्य प्रारंभ किये। बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाएं बढ़ाने की ठोस पहल की। श्री चौहान का मुख्यमंत्री पद का पहला कार्यकाल तीन वर्ष का था। द्वितीय और तृतीय कार्यकाल पांच-पांच वर्ष के रहे। इन दस वर्षों में मध्यप्रदेश ने विकास के नये आयाम छुए। श्री शिवराज सिंह चौहान का वर्तमान कार्यकाल भी सक्रियता से परिपूर्ण है।

श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में पृथक छवि निर्मित करने सफल रहे हैं। उन्होंने इस पद की गरिमा को बढ़ाया है। आज अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश के अग्रणी रहने का श्रेय उन्हें ही है। मध्यप्रदेश के गठन के बाद जनता के कल्याण के लिए सबसे अधिक अवधि के मुख्यमंत्री के रूप ही नहीं जनता के मुख्यमंत्री के तौर पर शिवराज जी की छवि बनी है। उन्होंने हर कार्यकाल में यादगार कार्य किए हैं, जिनसे विकास के नए-नए आयाम सामने आए हैं।

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री चौहान सबसे अधिक लोकप्रिय राजनेता के रूप में जाने जाते हैं। इसके पीछे उनका कठोर परिश्रम, स्व-अनुशासन, परोपकार का भाव, करुणा से ओत-प्रोत व्यक्तित्व और रागद्वेष के बिना हर तबके की भलाई के लिए तेजी से कार्य करने की विशिष्ट शैली प्रमुख कारण हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान के लिए सामाजिक और राजनैतिक संस्थाएं उपयोगी मंच बनी हैं। इन संस्थाओं को शिवराज जी की नेतृत्व क्षमता से बल मिला है। प्रत्येक दायित्व को निष्ठा से निभाते हुए वे संस्था और समाज में अलग पहचान बनाने में सफल हुए।

मुख्यमंत्री ने वर्ष दर वर्ष निरंतर जन-कल्याण के अभियान को गति दी। श्री चौहान दृढ़ संकल्प का परिचय देते हैं। मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री बनते ही इसके प्रयत्न प्रारंभ किए थे। मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाओं को साकार करने के लिए उद्योगपतियों से सतत सम्पर्क आवश्यक था। इसके लिए की गईं इन्वेस्टर्स समिट बहुत लाभकारी सिद्ध हुईं। मध्यप्रदेश में न सिर्फ नया निवेश आया, बल्कि लाखों नौजवानों को रोज़गार भी मिला। प्रदेश की प्रतिभा का पलायन भी रुका। उद्योगों के विकास से सम्पूर्ण अधोसंरचना के विकास का कार्य आसान हुआ। प्रदेश की तस्वीर को बदलने में सफलता मिली। लोक सेवा प्रबंधन, आनंद विभाग गठित हुए, तीर्थ-दर्शन योजना से बुजुर्गों को तीर्थों तक जाने का अवसर मिला।

मार्च 2020 में मध्यप्रदेश के चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद पिछले 11-12 माह न सिर्फ मध्यप्रदेश के लिए, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए भी कुछ अर्थों में महत्वपूर्ण रहे हैं। कोरोना महामारी ने जब पैर फैलाए, तब इस संकट के समय नेतृत्व की परीक्षा भी हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साहस के साथ इस महामारी के आने के बाद आवश्यक फैसले लिए, उसका ही प्रतिरूप श्री चौहान भी बने। महामारी के नियंत्रण, संक्रमित लोगों के उपचार, महामारी से बचने के लिए उपयोगी उपायों पर अमल, भावी कार्ययोजना और मनोवैज्ञानिक रूप से नागरिकों को संबल प्रदान करने के बहुत मायने रहे। मुख्यमंत्री शिवराज जी ने स्वयं न घबराते हुए कोरोना संकट को समाधान में बदलने का प्रयास किया। आपदा को अवसर में बदला। अनेक वर्गों के लिए सरकार का खजाना खोल दिया। कई तरह की राहत दी गई। किसानों, विद्यार्थियों और श्रमिकों को योजनाओं का पैसा ऑनलाइन अंतरित किया गया। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का संकल्प एक-एक नागरिक की जीवन रक्षा करने और लड़खड़ाई अर्थव्यवस्था को संभालने का था। इसके लिए जिस मजबूत संकल्प की आवश्यकता थी, उसका परिचय शिवराज जी ने दिया। जहां पर्याप्त राशि की व्यवस्था नहीं थी, वहां उपायों पर क्रियान्वयन करते हुए रास्ता निकाला। सुशासन की सोच ने इन प्रयासों को सफल बनाया। अस्पतालों में कोरोना संक्रमित नागरिकों के उपचार के लिए बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया। वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में आयुर्वेदिक काढ़ा पूरे राज्य में वितरित किया गया। जनता को कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक करने का कार्य भी वे एक वर्ष से निरंतर कर रहे हैं। स्वयं भी मास्क के उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग के पालन का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। मध्यप्रदेश में रोग संक्रमण की नियमित समीक्षा के समय उन्होंने विभिन्न नगरों और कस्बों के मोहल्लों के नाम तक याद कर लिए थे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राजनीति को सदैव सेवा का माध्यम माना है। मुख्यमंत्री के विभिन्न कार्यकाल की चर्चा करें तो यह बात स्पष्ट तौर पर सामने आती है कि मुख्यमंत्री ने बुनियादी क्षेत्रों के विकास को सदैव केंद्र में रखा है। श्री चौहान ने प्रथम कार्यकाल में सड़क निर्माण को प्राथमिकता दी। द्वितीय कार्यकाल में सिंचाई बढ़ाने का कार्य प्रमुखता से किया गया। इसके पश्चात तृतीय कार्यकाल में विद्युत उत्पादन बढ़ाने और उसके सुचारु प्रदाय पर ध्यान दिया गया। मार्च 2020 से प्रारंभ अपने चतुर्थ मुख्यमंत्री कार्यकाल में श्री चौहान ने स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल की सुविधाएं तेजी से बढ़ाने का निश्चय किया है।

श्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं को जनता का सेवक मानते हैं। वे अपने संबोधनों में स्पष्ट रूप से कहते हैं कि मध्यप्रदेश मेरे लिए एक मंदिर के समान है, यहां की जनता मेरे लिए भगवान की तरह है। इस मंदिर का पुजारी शिवराज सिंह चौहान है। आज प्रदेश का जन-जन उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में पाकर हर्षित है। जनता से सीधे जुड़कर ही उन्होंने यह स्थिति अर्जित की है। गत एक वर्ष जन-कल्याण के इतिहास का महत्वपूर्ण वर्ष सिद्ध हुआ है।

- अशोक मनवानी

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

20 मार्च

सेना के लिये एंटी टैंक मिसाइलें खरीदेगा रक्षा मंत्रालय

●भारतीय सेना को आधुनिक बनाने के लिये रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) के साथ एंटी टैंक मिसाइल की खरीदी का समझौता किया है। यह सौदा सरकार के मेक इन इंडिया अभियान के तहत हुआ है। इसके तहत 4960 मिलान-2टी एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल खरीदी जायेंगी। इसमें 1 हजार 188 करोड़ रुपये व्यय होंगे। ये मिसाइल युद्ध क्षेत्र में तैनात दुश्मनों के टैंकों को लगभग दो किलोमीटर दूर से ही ध्वस्त कर देंगी। ये मिसाइल दागो और भूल जाओ तकनीक पर आधारित है। इन मिसाइल को जमीन से लॉन्चर के माध्यम से दागा जायेगा।

●बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने देश में स्वास्थ्य बीमा

को बढ़ाने के लिये मानक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी 'आरोग्य संजीवनी' में न्यूनतम और अधिकतम कवरेज में बदलाव किया है। इरडा द्वारा जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि आरोग्य संजीवनी पॉलिसी में न्यूनतम कवरेज को एक लाख रुपये से घटाकर 50 हजार रुपये किया गया है, वहीं अधिकतम कवरेज को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया गया है। इरडा ने कहा कि अब बीमा कंपनियों को आरोग्य संजीवनी मानक उत्पाद के तहत एक मई 2021 से अनिवार्य रूप से कम से कम 50 हजार रुपये और अधिकतम दस लाख रुपये का बीमा कवर देना होगा।

●सऊदी अरब में एक बार फिर ड्रोन के जरिये तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ है। यह रिफाइनरी सऊदी अरब की राजधानी रियाद में है। सऊदी अरब सरकार ने इस हमले की पुष्टि की है। इस हमले के कारण तेल रिफाइनरी में आग लग गई है। यह हमला छह ड्रोन के जरिये किया गया है। इन ड्रोन्स में हथियार लगे हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब में कुछ दिन पहले भी तेल रिफाइनरी पर हमला हुआ था, तब इस हमले की जिम्मेदारी ईरान समर्थित हौती संगठन ने ली थी।

21 मार्च

सीबीएसई ने विद्यार्थियों को दी परीक्षा केंद्र बदलने की सुविधा

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में बदलाव करने की सुविधा दी है। सीबीएसई ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण परीक्षार्थियों को यह सुविधा दी गई है। इस सुविधा के लिये विद्यार्थियों को अपने स्कूल में आवेदन करना होगा। स्कूल द्वारा संबंधित विद्यार्थी का आवेदन 31 मार्च तक बोर्ड को भेजना होगा। ये आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। अगर छात्र अपने ही शहर में परीक्षा केंद्र को बदलना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। इसका निर्णय बोर्ड लेगा। अगर परीक्षार्थी सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक परीक्षाओं के केंद्र को बदलना चाहता है तो अलग-अलग स्कूल में केंद्र दिया जायेगा।

●भारतीय रेलवे ट्रेनों में धूम्रपान करने वाले यात्रियों पर सख्ती करने जा रही है। ट्रेनों में धूम्रपान करने वाले लोगों पर भारी जुर्माने के साथ जेल का प्रावधान किया जा सकता है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह कदम ट्रेनों में आग की घटनाओं पर नियंत्रण के लिये उठाया जा रहा है। विगत दिनों शताब्दी एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगी थी। इस घटना की जांच में पाया गया कि धूम्रपान के बाद जलती सिगरेट को डस्टबिन में फेंकने से यह आग लगी थी। अभी ट्रेनों में धूम्रपान करने वालों पर महज सौ रुपये का जुर्माना लगता है।

22 मार्च

जीवन प्रमाण-पत्र के लिये जरूरी नहीं होगा आधार

●पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिये आधार जरूरी

नहीं होगा। पेंशनरों की दिक्कतों को देखते हुये सरकार ने नियमों में ढील दी है। नये नियमों को लेकर सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार जीवन प्रमाण-पत्र के लिये आधार की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है। इसे अनिवार्य से बदलकर स्वैच्छिक कर दिया गया है। इसके अलावा सरकार ने इंस्टेंट मैसेंजिंग सॉल्यूशन 'संदेश' एप और सरकारी कार्यालयों में हाजिरी लगाने के लिये आधार प्रमाणीकरण को स्वैच्छिक बना दिया है।

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षा में 'इंप्रूवमेंट इन परफॉर्मेंस' को लेकर अहम फैसला लिया है। फैसले के अनुसार कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थी अगर किसी एक विषय में इंप्रूवमेंट इन परफॉर्मेंस के लिये परीक्षा देना चाहते हैं तो उन्हें एक वर्ष का इंतजार नहीं करना होगा। सीबीएसई ने यह फैसला नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत लिया है। सीबीएसई के इस फैसले का उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने का एक अवसर प्रदान करना है।

●आइसलैंड में एक ज्वालामुखी में कई सालों बाद विस्फोट हुआ। यह ज्वालामुखी आइसलैंड की राजधानी रेकजाविक से करीब 40 किलोमीटर दूर है। ज्वालामुखी विस्फोट के बाद लावा तेजी से फैलने लगा है। विस्फोट के बाद आसपास के इलाकों को एहतियातन खाली करवा लिया गया है।

23 मार्च

कोविशील्ड की दूसरी डोज अब छह से आठ सप्ताह के बीच लगेगी

●कोरोना वायरस से बचाव देने वाली वैक्सीन कोविशील्ड की दूसरी डोज अब छह से आठ सप्ताह के बीच लगेगी। केंद्र सरकार ने कोविशील्ड की दोनों डोज के बीच अंतराल के संबंध में नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश के अनुसार कोविशील्ड की पहली और दूसरी

डोज के बीच कम से कम छह से आठ सप्ताह का अंतर होना चाहिये। अभी यह अंतर चार से छह सप्ताह है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्री राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कहा कि ये बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू किया जाये। सरकार ने यह फैसला नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन की समीक्षा रिपोर्ट के बाद लिया है। यह नियम सिर्फ कोविशील्ड पर लागू होगा, कोवैक्सीन पर नहीं।

●बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने संबंधी बीमा संशोधन विधेयक, 2021 लोकसभा में पारित हो गया है। विधेयक पेश करते हुये वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश की बीमा कंपनियों की मौजूदा स्थिति को देखते हुये बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाना जरूरी है। यह विधेयक राज्यसभा में पहले ही पारित हो चुका है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक के पारित होने के साथ भारत उन देशों में शामिल हो गया है, जहां विदेशी कंपनियों को बीमा क्षेत्र में अधिकांश हिस्सेदारी और प्रबंधन नियंत्रण रखने की आजादी होगी।

●उत्तराखंड में इस वर्ष होने वाली चार धाम यात्रा के लिये 15 अप्रैल से ऑनलाइन ग्रीन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। ग्रीन कार्ड के लिये आवेदकों को परिवहन विभाग द्वारा बनाये गये पोर्टल पर आवेदन करना होगा। परिवहन विभाग के अनुसार इस वर्ष भारी वाहनों के लिये शुल्क 600 रुपये तथा छोटे वाहनों के लिये शुल्क 400 रुपये प्रस्तावित किया गया है।

24 मार्च

केंद्र सरकार ने कर मुक्त पीएफ की सीमा बढ़ाकर की पांच लाख रुपये

●केंद्र सरकार ने भविष्य निधि (पीएफ) पर ब्याज को करमुक्त रखने के संबंध में

कर्मचारियों के अधिकतम वार्षिक योगदान की सीमा को ढाई लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने बताया कि वित्त विधेयक (बजट)-2021 लोकसभा में पारित हो गया है। इस विधेयक के तहत अब भविष्य निधि में पांच लाख रुपये तक के निवेश पर ब्याज में कर की छूट मिलेगी। यह छूट सिर्फ उन्हें मिलेगी, जिन्हें नियोक्ता की ओर से पीएफ में योगदान नहीं मिलता है। वित्त मंत्री ने बताया कि भविष्य निधि पर मिलने वाले ब्याज पर लगाये गये कर प्रस्ताव से केवल एक प्रतिशत भविष्य निधि खाताधारकों पर ही असर पड़ेगा।

●भारत के महत्वाकांक्षी मिशन 'गगनयान' के लिये रूस गये भारतीय पायलटों की ट्रेनिंग पूरी हो गई है। चार पायलटों वाला ये दल अब बेंगलुरु स्थित इसरो सेंटर में गगनयान मॉड्यूल की ट्रेनिंग लेगा। इस मॉड्यूल को इसरो ने बिना किसी बाहरी मदद के तैयार किया है। भारतीय पायलटों की ट्रेनिंग के लिये इसरो और रूसी कंपनी के बीच वर्ष 2019 में समझौता हुआ था। रूस में हुई ट्रेनिंग में पायलटों को अंतरिक्ष की परिस्थितियों में ढलने की ट्रेनिंग दी गई। भारत में होने वाली ट्रेनिंग पूरी होने के बाद इन पायलटों को मिशन गगनयान के तहत 7 दिनों के लिये अंतरिक्ष में भेजा जायेगा।

25 मार्च

सीबीएसई ने कक्षा छठवीं से दसवीं तक के लिये तैयार किया नया असेसमेंट फ्रेमवर्क

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक

के लिये नया असेसमेंट फ्रेमवर्क तैयार किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने यह असेसमेंट फ्रेमवर्क लॉन्च किया। यह फ्रेमवर्क नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छठवीं से दसवीं तक विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषय के लिये बनाया गया है। यह फ्रेमवर्क बच्चों में आदत खत्म कर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान देने और परेशानियों का हल ढूंढ़ने की क्षमता विकसित करने में सहायक होगा। यह बच्चों को प्रेक्टिकल लर्निंग में मदद करेगा। इस असेसमेंट फ्रेमवर्क में विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषय के शिक्षकों का मार्गदर्शन करने के लिये भी सहायता उपलब्ध कराई गई है।

●सेना के जवानों को अब असली सेवा पदक दिये जायेंगे। इसके लिये सेना ने 17 अलग-अलग प्रकार के 17.27 लाख पदक खरीदने का करार किया है। यह जानकारी सेना के इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर ऑफ मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने दी। खरीदे गये नये पदक पहले सम्मानित किये जा चुके उन जवानों को दिये जायेंगे, जिनके पदक लंबित हैं। उल्लेखनीय है कि बहादुरी (गैलेंट्री) पुरस्कार से सम्मानित जवानों को सेना की तरफ से पदक दिया जाता है। लेकिन सेवा और अन्य पदक के लिये जवानों को पदक की रेप्लिका दी जाती है।

●नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मुख्य परीक्षा (मार्च सेशन) के नतीजे जारी कर दिये हैं। इस परीक्षा में लगभग 6 लाख 20 हजार परीक्षार्थी शामिल हुये थे। इस बार 13 मेधावी विद्यार्थियों ने परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। मार्च सेशन की परीक्षा के परिणाम एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

26 मार्च

सीबीएसई देगा अब ऑनलाइन माइग्रेशन सर्टिफिकेट

●केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस वर्ष से माइग्रेशन सर्टिफिकेट (स्थानांतरण प्रमाण-पत्र) को लेकर अहम बदलाव किया है। सीबीएसई के अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 से बोर्ड माइग्रेशन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी जारी नहीं करेगा, इसकी जगह बोर्ड माइग्रेशन सर्टिफिकेट ऑनलाइन माध्यम से जारी करेगा। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को माइग्रेशन की हार्ड कॉपी चाहिये, उन्हें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर इस संबंध में आवेदन करना होगा। बोर्ड ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन सभी का माइग्रेशन सर्टिफिकेट इस वर्ष डिजिलॉकर पर अपलोड कर दिया जायेगा।

●ट्रैफिक की समस्या को कम करने के लिये शहरों में चलने वाली सिटी बसों की संख्या में इजाफा किया जायेगा। देश में पांच लाख की आबादी वाले शहरों और राज्यों की राजधानियों सहित 111 शहरों में 20 हजार नई बसें चलाई जायेंगी। ये सभी बसें सीएनजी फ्यूल वाली होंगी। केंद्र सरकार द्वारा इससे संबंधित कंपनियों को आर्थिक मदद भी दी जायेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

ऑनलाइन माध्यम से करें बिजली बिल का भुगतान

भोपाल, वर्तमान में कोविड-19 के बढ़ते विस्तार को देखते हुए कंपनी के बिल भुगतान केंद्र, एटीपी मशीन, एमपी ऑनलाइन के कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर यद्यपि चालू हैं फिर भी उपभोक्ता बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली बिलों का भुगतान करने के लिए ऑनलाइन भुगतान सुविधा का लाभ लें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के ऑनलाइन भुगतान की सुविधा कम्पनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, वीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) या 50 से अधिक बैंकों की इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध है। इसके अलावा उपभोक्ता फोन-पे, गूगल पे, एचडीएफसी पे-एप, अमेजानपे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री विशेष गढ़पाले ने निम्नदाब उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम 20 रुपये तक अपने बिल में छूट प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान कर अधिकतम एक हजार रुपये की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि यदि कोई उपभोक्ता ऑनलाइन बिजली बिल का भुगतान करता है तो उसके द्वारा कुल जमा किए गए बिल पर आधा प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

वर्ष 38, अंक 13 29.03.2021 से 04.04.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुधाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स -4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मुख्यमंत्री के चौथे कार्यकाल का एक वर्ष

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने चौथे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया है। किसी भी मुख्यमंत्री के लिये यह गौरव की बात है कि वह बतौर मुख्यमंत्री चौथी बार प्रदेश की सेवा का अवसर पा रहा है। अपने चौथे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि मैं वैभवशाली, गौरवशाली, समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये स्वयं को पूर्णतः समर्पित करता हूं। हम सबको मिलकर नये मध्यप्रदेश का निर्माण करना है। प्रदेश में रोटी, कपड़ा, मकान, दवाई, पढ़ाई और सबके लिये रोज़गार के अवसर के लिये हरसंभव प्रयास जारी हैं। पानी बचाने, वृक्षारोपण, स्वच्छता, बेटियों के सम्मान, नशामुक्ति अभियान और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पहल करनी होगी। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राहत राशि की दूसरी किश्त के 1530 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 340 करोड़ रुपये, ग्रामीण पथ विक्रेताओं को 60 करोड़ रुपये का ऋण उनके खातों में सिंगल क्लिक से जारी किये। मुख्यमंत्री ने जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 219 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से निर्मित आठ कन्या शिक्षा परिसर भवनों तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 104 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से निर्मित 77 शाला भवनों और तीन छात्रावासों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा बड़वानी जिले में पाटी, निवाली, बड़वानी और सेंधवा तथा अलीराजपुर में सोंडवा, शिवपुरी जिला, बैतूल में भैंसदेही और होशंगाबाद में पंवारखेड़ा के शिक्षा परिसर का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सपने को पूरा करते मध्यप्रदेश में हर वर्ग के व्यक्ति की सहायता और उत्थान के लिये कार्य किया जा रहा है। विभिन्न योजनाओं में एक लाख 18 हजार करोड़ रुपये की सहायता सीधे प्रदेशवासियों के खातों में डाली गई। कोरोना के कठिन काल में 129 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी पर 25 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाले गये। जीवन को आसान बनाने और सुशासन की अवधारणा को साकार रूप देते हुये मोबाइल पर खसरा-खतौनी, नक्शे की नकल, आय तथा मूल निवास प्रमाण-पत्र प्रदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। भू-माफियाओं के कब्जे से 9 हजार करोड़ से अधिक की जमीन को मुक्त कराया गया है। हर घर में नल से पानी उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में जल जीवन मिशन कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने 23 मार्च 2020 का स्मरण करते हुये कहा कि कोरोना संक्रमण की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बीच मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबल और आशीर्वाद, अधिकारियों की टीम के सहयोग और जनता के साथ के परिणामस्वरूप हम उन कठिन परिस्थितियों पर विजय प्राप्त करने में सफल हुये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का संकट अभी गया नहीं है। वायरस अभी जिन्दा है। इससे बचना जरूरी है और मास्क ही हमारी सुरक्षा है। हमें यह समझना होगा कि कोरोना से 90 प्रतिशत बचाव मास्क से ही होना है। दूरी बनाये रखने के नियम का भी पालन करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के चौथे कार्यकाल के पहले वर्ष के आकलन से यह स्पष्ट है कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद मुख्यमंत्री जी के पहले वर्ष का कार्यकाल संतोषप्रद रहा है।

ईयर फोन का विकल्प है साउंड बबल

यदि हम ऑफिस में किसी मीटिंग में या फिर अपनी कोई पसंदीदा फिल्म देख रहे हों उस वक्त हम चाहते हैं कि कोई हमें डिस्टर्ब न करे। स्पष्ट आवाज सुनाई दे इसके अलावा यह ख्याल भी रहता है कि कोई दूसरा व्यक्ति उसे सुन न पाये। इस निजता को बरकरार रखने के लिये लोग महंगे से महंगे हेडफोन और ईयरफोन का इस्तेमाल करते हैं। मगर नई साउंड बीम तकनीक अब ईयरफोन की जरूरत को भी खत्म कर देगी। दरअसल इजराइल के एक टेक स्टार्टअप ने खास साउंड बबल बनाने वाला स्पीकर सिस्टम तैयार किया है। यह साउंड बबल यूजर को ऑडियो सुनने के दौरान हेडफोन जैसी ही प्राइवेसी प्रदान करेगा, लेकिन हेडफोन पहनने की जरूरत नहीं होगी। दरअसल साई-फाई तकनीक ईयरफोन की जगह अल्ट्रासोनिक तरंगों का उपयोग करती है। मतलब इन तरंगों के जरिये ऑडियो आपके कानों तक पहुंचता है। इस तकनीक के कमाल को इस तरह समझ सकते हैं कि आप अपने फोन या लेपटॉप पर कुछ ऑडियो चलाते हैं और बिना ईयरफोन लगाये भी तरंगों के जरिये आवाज सिर्फ आपके ही कानों तक जायेगी। आपके बराबर में बैठे शख्स को कुछ सुनाई नहीं देगा। इस तकनीक को साउंड-बीमिंग नाम दिया गया है। इसका मतलब है कि आप पीछे, नीचे और अपने आसपास से आने वाले शोर को सुन सकते हैं, जबकि अन्य लोगों को इसकी आवाज सुनाई नहीं देगी। इस तकनीक को पेश करने वाले टेक स्टार्टअप नोवेटो के सीईओ ने जब इस तकनीक को विकसित करने की कल्पना की तो इसे शब्दों में दूसरों के सामने पेश करना और समझ पाना उन्हें मुश्किल लग रहा था।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व रंगमंच दिवस 27 मार्च

समाज का दर्पण है रंगमंच

साहित्यकार व नाटककार शेक्सपियर की प्रसिद्ध पंक्तियां हैं, ज़िंदगी एक रंगमंच है और हम सब उसकी कठपुतलियां हैं... इसी से ये समझा जा सकता है कि थियेटर का हमारे जीवन में क्या महत्व है और क्यों इसे समाज का दर्पण कहा गया है। 27 मार्च को पूरे विश्व में वर्ल्ड थियेटर डे या विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। इस विधा के प्रति लोगों को जागरूक करने और इसे जीवन्त रखने के लिए यह दिन समर्पित है।

सन् 1961 में सबसे पहले हेलसिंकी और फिर वियना में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई, इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट) के विश्व सम्मेलन के दौरान संस्थान के तत्कालीन अध्यक्ष अर्वी किविमा ने 'विश्व रंगमंच दिवस' की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव रखा था। आईटीआई के फिनलैंड स्थित केंद्र की ओर से रखे इस प्रस्ताव का स्कैन्डिनेवियाई केंद्रों ने समर्थन किया। विश्व के अन्य केंद्रों ने इसका जोरदार समर्थन किया। 27 मार्च, 1962 को पहली बार औपचारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस मनाया गया। पेरिस में 'थियेटर ऑफ नेशन्स' सीजन की शुरुआत का भी यह दिन है। तब से अब तक 100 से अधिक राष्ट्रों में स्थापित आईटीआई केंद्रों में इसे व्यापक और विविध रूपों में मनाया जाता है। भारत में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट का सेंटर पुणे में स्थित है।

यूनेस्को और रंगकर्मियों द्वारा स्थापित संस्थान

सन् 1948 में यूनेस्को और विश्व के ख्यातनाम रंगकर्मियों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) की स्थापना प्राग (चेक गणराज्य) में की। इसका मुख्यालय वर्तमान में पेरिस में है। आईटीआई परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण अशासकीय संगठन है, जो औपचारिक रूप से यूनेस्को से सम्बद्ध है। यूनेस्को कला प्रदर्शन की बेहतरी और सुधार के लिए समर्पित संस्था है।

आईटीआई का उद्देश्य

'परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में ज्ञान और व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना, रचनात्मकता को उत्प्रेरित करना, रंगकर्मियों में सहकारिता बढ़ाना, विकास के क्षेत्र में कलाओं के अवदान की भूमिका और आवश्यकता के प्रति जन-चेतना का विकास करना, समाज में शांति और मैत्रीभाव को मजबूत करने हेतु आपसी समझ को गहरा करने का प्रयास करना तथा यूनेस्को के आदर्श और उद्देश्यों की रक्षा में सहयोग प्रदान करना है। संस्थान के इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए 'विश्व रंगमंच दिवस' के आयोजन दुनियाभर में जोर-शोर से किए जाते हैं। हर साल रंगमंच से जुड़ी किसी एक असाधारण प्रतिभा को रंगमंच और अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव पर अपने विचार और अनुभव बांटने के लिए आईटीआई द्वारा आमंत्रित किया जाता है। आमंत्रित हस्ती के विचारों को अंतर्राष्ट्रीय संदेश के रूप में जाना जाता है।

विश्व रंगमंच दिवस के दिन थियेटर से संबंधित कई ग्रुप खास पेशकश करते हैं। इसके साथ ही इस दिन जाने-माने रंगकर्मी द्वारा विचारों को व्यक्त किया जाता है। 1962 में पहला अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संदेश फ्रांस की जीन काकटे ने दिया था। वर्ष 2002 में यह संदेश भारत के प्रसिद्ध रंगकर्मी स्वर्गीय गिरीश कर्नाड द्वारा दिया गया था।

2021 का संदेश देंगी हेलन मिरेन

हर वर्ष दिए जाने वाले एक थियेटर आर्टिस्ट के संदेश को इस वर्ष हेलन मिरेन देंगी जो एक मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने इंटरनेशनल कॅरियर में स्टेज, स्क्रीन और टेलीविजन की दुनिया में अपना कॅरियर बनाया है और अपनी अद्भुत प्रतिभा से कई अवॉर्ड्स जीते हैं। उन्हें अकेडमी अवॉर्ड

से भी सम्मानित किया गया है। नेशनल यूथ थियेटर में क्लियोपात्रा का ऐतिहासिक किरदार निभाया। इसके बाद हेलन मिरेन ने मेनचेस्टर में सीखा और उसके बाद रॉयल शेक्सपीयर कंपनी को ज्वॉइन किया। मशहूर रंग निदेशक पीटर ब्रुक की थियेटर कंपनी सेंटर डी रेचर्च को ज्वॉइन करने के बाद कई टूर थियेटर अमेरिका और अफीका के लिए किए।

तकनीक ने बढ़ाया आपसी संवाद

तकनीकी बदलावों ने देशों के मध्य आपसी आदान-प्रदान में, संवाद करने की क्षमता में गुणात्मक बढ़ोतरी कर दी है। अब दूसरे मुल्कों के रंगमंच से परिचित होने का अवसर दिल्ली के अतिरिक्त छोटे शहरों को भी मिलने लगा है। दुनिया में विदेश नीति में कल्चर 'सॉफ्ट पावर' के रूप में पहचाना जाने लगा है। कहा जाता है कि अंग्रेजों के साम्राज्य विस्तार के दौरान सांस्कृतिक वर्चस्व कायम करने में शेक्सपीयर के नाटकों का भी उपयोग किया गया था। 'थियेटर ओलिंपिक' एक ऐसा आयोजन है, जिसमें विश्व के अनेक देशों को अपने रंगमंच का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है।

सोचने के लिए मजबूर करता है रंगमंच

पूरी दुनिया के रंगमंच की एक खास पहचान रही है कि वो मनोरंजन करने के साथ-साथ प्रतिरोध की भूमिका भी निभाता है। भारतीय रंगमंच के एक प्रमुख हस्ताक्षर रतन थियम कहते हैं, 'रंगमंच को लोगों के मनोविज्ञान में प्रवेश करने का प्रयास करना चाहिए। यह प्रतिरोध का संदेश लिए हुए रहता है। यह लोगों को सोचने पर मजबूर करेगा कि व्यवस्था में कुछ न कुछ गड़बड़ी है और इसमें बदलाव की आवश्यकता है। पिछले हजारों वर्षों में एक भी नाटक ऐसा नहीं लिखा गया है जिसमें प्रतिरोध न हो।'

भारतीय भाषा में रंगमंच

रंगमंच वह स्थान है जहां नृत्य, नाटक, खेल आदि होते हैं। रंगमंच शब्द रंग और मंच दो शब्दों से मिलकर बना है। एक रंग जिसके तहत दृश्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर विविध प्रकार की चित्रकारी की जाती है। साथ ही अभिनेताओं की वेशभूषा और सज्जा में भी विविध रंगों का प्रयोग होता है। दूसरा मंच- जिसके तहत दर्शकों की सुविधा के लिए रंगमंच का तल फर्श से कुछ ऊंचा रहता है। वहीं दर्शकों के बैठने के स्थान को प्रेक्षागार और रंगमंच सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाट्यशाला कहते हैं। पश्चिमी देशों में इसे थिएटर या ऑपेरा के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि नाट्यकला का विकास सर्वप्रथम भारत में ही हुआ।

भरत मुनि ने नाट्यवेद लिखा

भरत मुनि ने 'नाट्यशास्त्र' के लिए 'नाट्यवेद' लिखा यानी उसे वेद की संज्ञा दी। वेद शब्द का व्यवहार रामायण के लिए नहीं किया गया, महाभारत के लिए नहीं किया गया। लेकिन भरत मुनि ने अपने ग्रंथ के लिए नाट्यवेद शब्द का प्रयोग किया और उन्होंने बार-बार इस बात का उल्लेख किया कि मैंने पांचवां वेद बनाया है।

लोकनाट्य की परंपरा

हिंदी ही नहीं, अहिंदी भाषी क्षेत्रों में भी परंपरागत लोकनाटक बड़ी संख्या में होते हैं। बिहार, राजस्थान, असम, मध्यप्रदेश, बंगाल समेत देश के बड़े हिस्से में ये कई रूप में प्रचलित रहे हैं। उत्तर भारत में प्रचलित रामलीला और रासलीला, मध्यप्रदेश, विशेष तौर पर मालवा प्रांत, में 'माच' नामक लोकनाट्य प्रसिद्ध है। राजस्थान में 'माच' 'ख्याल' के रूप से प्रचलित है। इसी प्रकार भारतवर्ष के हर प्रांत में भिन्न-भिन्न प्रकार के नाटक प्रचलित हैं।

जर्मनी के महान नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त ने 'एपिक थियेटर' नाम से नाट्य मंडली का गठन किया था। हिंदी में एपिक थियेटर को लोक नाटक के रूप में जाना जाता है। बर्तोल्त ब्रेख्त के एपिक थियेटर की अवधारणा एशियाई देशों के पारंपरिक रंगमंच से ही थी। ब्रेख्त कहा करते थे 'नाटक को कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किया जाए कि दर्शक को नाटक के चरित्र से तारतम्य स्थापित करने से रोका जाए। चरित्रों के क्रियाकलापों के प्रति स्वीकार या इंकार का भाव दर्शकों की चेतना के स्तर पर हो न कि अवचेतन स्तर पर हो, जैसा कि पहले सोचा जाता था।' यानी पाठक चरित्र के साथ डूबें नहीं, मुग्ध न हों, बराबर नाटक से अपने को अलग रखें। ऐपिक थियेटर यानी नाट्य मंडली भावना जगाने की बजाय चकित करने पर जोर देता है। यदि इसे दूसरे ढंग से कहा जाए तो दर्शक नायक से खुद को जोड़ने या एकाकार करने की बजाय उन परिस्थितियों पर ध्यान दें, चकित हों, जिनमें नायक फंसा है।'

ब्रेख्त की इस समझ ने रंगकर्मियों की कई पीढ़ियों को प्रभावित किया। 70 के दशक के बाद लोक रंगमंच के प्रसिद्ध होने के बाद इसकी प्रासंगिकता और बढ़ा दी। लेकिन पारंपरिक रंगमंच से इतर इसी समय थर्ड थियेटर या तीसरी धारा के रंगमंच की अवधारणा आई। उनके अनुसार पहला थियेटर भारत का पारंपरिक रंगमंच है, दूसरा औपनिवेशिक काल में होने वाला प्रोसिनियम है और तीसरा 'थर्ड थियेटर' है, जिसके अनुसार यह लाइव यानी जीवंत होने के साथ घुमंतू यानी मोबाइल और मुफ्त होगा। यह थियेटर राजनीतिक मसलों को अपना विषय बनाता है। नुक्कड़ नाटक की परंपरा की इससे प्रेरणा मिली है।

डिजिटल दुनिया में भले मनुष्य आभासी दुनिया में एक दूसरे से जुड़े रहते हैं लेकिन यथार्थ में इन चीजों का सामूहिक जीवन पर बेहद घातक प्रभाव पड़ा है। हमारी सामूहिकता, एक दूसरे के साथ हंसना-बोलना सब पर इसका बुरा प्रभाव पड़ा है। भोपाल के रंगनिर्देशक बंसी कौल ने रंगविदूषक की ऐसी ही अवधारणा पर काम किया है। वे कहते हैं 'रंगविदूषक में हम यह मानकर चलते थे कि हमारा काम एक असलहा है। आपको कुदरत ने ऐसा हथियार दिया जिसे बनाए रखना जरूरी है। यदि आप विचार को बचाकर रखोगे, आप अपनी आध्यामिकता को बचाकर रखोगे क्योंकि जो हंसी-ठट्ठा होता है, वह सामूहिक होता है। लेकिन आप उसी पूरी हंसी को खत्म कर दोगे तो आप सामूहिकता को भी खत्म कर रहे हैं जिसकी हमारे समाज को बहुत जरूरत है।'

रंगमंच ने दिए देश को महान अभिनेता

थियेटर ने भारत को ऐसे सितारे दिए हैं, जिन्होंने अपने अभिनय के दम पर रंगमंच की दुनिया में नाम कमाया है, जिसमें खास नाम नवाजुद्दीन सिद्दीकी, शाहरुख खान, मनोज वाजपेयी, पीयूष मिश्रा, अनुपम खेर, नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, पंकज कपूर, इरफान खान, शबाना आजमी, राजकुमार राव समेत कई सितारे शामिल हैं। नाटक यही काम करता है वो आपका मनोरंजन करता है, हंसाता है। ताकतवर लोगों पर भी हंसने की क्षमता प्रदान करता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

Employment Notification No.: 02/2021 Dated: 03.03.2021

एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

खनिज भवन, 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500028

CIN : L13100TG1958GOI001674

एनएमडीसी लिमिटेड, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तहत एक विस्तृत कारोबार वाला, बहु स्थानीय, बहु उत्पाद और सतत् लाभ अर्जित करने वाला सार्वजनिक क्षेत्र का एक नवरत्न उपक्रम है। एनएमडीसी लि. भारत और विदेशों दोनों में बड़े पैमाने पर विस्तार और विविधीकरण की प्रक्रिया में है। एनएमडीसी लिमिटेड, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ राज्य के पास नागरनार में 3.0 एमटीपीए का एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित कर रहा है। एनएमडीसी लिमिटेड अब अपनी विभिन्न परियोजनाओं यानी बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स, बीआईओएम बाछेली कॉम्प्लेक्स, डीआईओएम डोनीमलाई कॉम्प्लेक्स और डीएमपी, पन्ना में नियुक्ति हेतु निम्न पदों के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क्र.सं.	कार्यक्षेत्र	पदों की संख्या
1	कनिष्ठ अधिकारी (खनन) प्रशिक्षु	28
2	कनिष्ठ अधिकारी (यांत्रिकी) प्रशिक्षु	17
3	कनिष्ठ अधिकारी (विद्युतीय) प्रशिक्षु	13
4	कनिष्ठ अधिकारी (नागर) प्रशिक्षु	5

2.0 आवश्यक योग्यता और अनुभव:

क. खनन क्षेत्र:

कास्ट मेटालिफेरस खदान खोलने के लिए फॉरमैन सर्टिफिकेट ऑफ कॉम्पिटेंसी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से खनन इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा या कास्ट मेटालिफेरस खदान खोलने के लिए माइन मेनेजर सर्टिफिकेट ऑफ कॉम्पिटेंसी के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से माइनिंग इंजीनियरिंग में डिग्री।

अनुभव: योग्यता उपरांत संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम पांच साल का अनुभव (डिप्लोमा धारकों के मामले में)।

ख. यांत्रिक क्षेत्र:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री।

अनुभव: योग्यता उपरांत डीजल और इलेक्ट्रिकल शोवेल, डंपर, डोजर, ड्रिल और प्लांट मशीनरी जैसे भारी खनन उपकरणों के रखरखाव, मरम्मत और संचालन में न्यूनतम पांच साल का अनुभव (डिप्लोमा धारकों के मामले में)

ग. विद्युत क्षेत्र:

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिग्री।

अनुभव: योग्यता उपरांत एचटी / एलटी सिस्टम / इंस्टालेशन, संयंत्र के अंदर / बाहर एचटी / एलटी मशीनरी, उपकरणों और गजेट्स, ओवरहेड और भूमिगत ट्रांसमिशन लाइन, केबल, ट्रांसफार्मर, सर्किट ब्रेकर, पैनल, स्विच बोर्ड और उनके सामान और संबद्ध उपकरण वाले भवनों की मरम्मत, ओवरहॉलिंग और रखरखाव में न्यूनतम पाँच वर्ष का अनुभव (डिप्लोमा धारकों के मामले में)।

घ. नागर क्षेत्र

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री।

अनुभव: योग्यता उपरांत निर्माण जैसे औद्योगिक इमारतें, कन्वेयर गैलरी संरचनाएं, बहु-मंजिला आरसीसी भवन, सार्वजनिक उपयोगिताएं जैसे जलापूर्ति, सड़कें, ड्रेनेज सिस्टम आदि युक्त टाउनशिप आदि में न्यूनतम पांच साल का अनुभव। ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर में काम करने का ज्ञान होना एक अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी (डिप्लोमा धारक के मामले में)।

3.0I) अधिकतम आयु: 32 वर्ष

ऊपरी आयु सीमा में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष और ओबीसी (गैर-समृन्नत वर्ग) के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूडी / पूर्व-सैनिकों के लिए सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार छूट दी जाएगी। विभागीय उम्मीदवारों (एनएमडीसी) के लिए आयु सीमा 15 वर्ष तक की छूट दी जाएगी।

3.0II) वेतन: कनिष्ठ अधिकारी (प्रशिक्षु) पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को शुरू में "प्रशिक्षु" के रूप में नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि, प्रशिक्षण अवधि के दौरान मासिक वेतन और प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद नियमित वेतनमान निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	पद का नाम		प्रशिक्षण अवधि	प्रशिक्षण अवधि के दौरान वेतन		प्रशिक्षण पूरा होने पर वेतनमान
				पहले 12 महीने	शेष 06 माह	
1	कनिष्ठ अधिकारी (मैकेनिकल / इलेक्ट्रिकल / माइनिंग / सिविल) प्रशिक्षु	डिग्री धारक	12 माह	रु.37,000/-	--------	रु. 37,000-1,30,000
		डिप्लोमा धारक	18 माह	रु.37,000/-	रु.38,000/-	

4.0 पदों की संख्या और आरक्षण

क्र.सं.	संवर्ग	पदों की संख्या	एससी	एसटी	ओबीसी (एनसीएल)	ईडब्ल्यूएस	यूआर	पीडब्ल्यूडी के लिए चिन्हित विकलांगता
1.	खनन	28	4	2	7	2	13	---------
2.	यांत्रिकी	17	2	1	5	2	7	1. बधिर और सुनने में परेशानी 2. लोकोमोटर डिसेबिलिटी (ओए, ओएल) जिसमें कुष्ठ रोग, बौनापन और एसिड अटैक पीड़ित शामिल हैं। 3.1 और 2 का संयोजन
3.	विद्युतीय	13	2	1	3	1	6	
4.	नगर	5	1	0	2	1	1	
	योग:	63	9	4	17	6	27	

* ओए- एक हाथ, ओएल - एक पैर

* क्षैतिज आधार पर इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल विषयों में बेंचमार्क डिसएबिलिटी (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए तीन पद आरक्षित हैं।

5.0 आवेदन कैसे करें: ऑनलाइन आवेदन ही मान्य होंगे। उम्मीदवार को केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा।

क्र.सं.	ऑन-लाइन माध्यम
क	पात्र उम्मीदवारों को एनएमडीसी वेबसाइट www.nmdc.co.in (वेबसाइट के "करियर" पृष्ठ पर उपलब्ध लिंक) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साइट 03.03.2021 को 10:00 से 23.03.2021 को 11:59 तक उपलब्ध/सक्रिय रहेगी।
ख	हेल्पलाइन नंबर 9674524077 केवल ऑनलाइन माध्यम के तकनीकी पहलुओं पर सहायता के लिए सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच चालू रहेगा।
ग	उम्मीदवारों द्वारा अधिसूचना की आवश्यकता के अनुसार सभी विवरण ऑन-लाइन भरना और सभी प्रासंगिक दस्तावेज / प्रमाण पत्र अपलोड करना आवश्यक है।
घ	उपरोक्त पदों के परिशिष्ट के साथ विस्तृत अधिसूचना के लिए उम्मीदवारों को एनएमडीसी की वेबसाइट www.nmdc.co.in के करियर पृष्ठ के अवलोकन का सुझाव दिया जाता है। किसी भी स्पष्टीकरण, टाइपोग्राफी त्रुटियों या चूक, शुद्धि-पत्र इत्यादि के मामले में, अधिसूचना उपरोक्त एनएमडीसी वेबसाइट पर ही जारी की जाएगी।
ङ	उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे ऑन लाइन आवेदन करने से पहले एनएमडीसी वेबसाइट www.nmdc.co.in पर उपलब्ध अधिसूचना के निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
च	सभी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में रुपये 250/- (केवल दो सौ पचास रुपए) की राशि का भुगतान करना होगा जो गैर-वापसी योग्य होगा।
छ	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग/पूर्व सैनिक और विभागीय उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान करने से छूट दी जाएगी लेकिन उन्हें छूट की पात्रता के लिए उपरोक्त खण्ड 9.12(क) में बताए अनुसार साक्ष्य संलग्न करना होगा। उपरोक्त साक्ष्य या शुल्क के भुगतान की अनुपस्थिति में उनका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।
ज	शुल्क का भुगतान एसबीआई-कलेक्ट के माध्यम से यूपीआई/ क्रेडिट कार्ड / ऑनलाइन नेट बैंकिंग एप्लिकेशन के साथ एकीकृत इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करते हुए किया जा सकता है। लेनदेन शुल्क, यदि कोई हो तो, उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा। लेनदेन के सफल समापन पर, यूनिक लेनदेन संख्या और आवेदन संख्या के साथ आवेदन फार्म जनरेट हो जाएगा जिसे रिकॉर्ड के लिए प्रिंट कर लेना चाहिए। अगर उम्मीदवार को यूनिक लेनदेन संख्या के साथ आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो उसके ऑन-लाइन आवेदन को पूर्ण नहीं माना जाएगा और उसे फिर से भुगतान करना होगा। असफल लेन-देन की राशि 10 दिन के भीतर स्वचालित रूप से उसी खाते में वापस कर दी जाएगी जिससे भुगतान किया गया था।
झ	एक बार भुगतान कर दिए जाने पर आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी और, उस अधिसूचना के रद्द होने के मामले में जिसके लिए आवेदन शुल्क का भुगतान किया गया था, इसे किसी भी अन्य सूचना के तहत समायोजित नहीं किया जाएगा।
ञ	उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इन दस्तावेजों की सॉफ्ट प्रतिलिपि रखें, अर्थात (i) हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटो (ii) मैट्रिकुलेशन / 10 वीं कक्षा का प्रमाण पत्र (iii) पात्रता और अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्र (iv) जाति / श्रेणी प्रमाण पत्र, एससी / एसटी / ओबीसी(एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस / विकलांगता प्रमाण पत्र आदि, जैसा लागू हो (v) स्कैन किए गए हस्ताक्षर आदि।
ट	'ऑनलाइन' आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी को डाउनलोड करना होगा और लिफाफे के ऊपर ऑनलाइन आवेदन पर प्रदर्शित पंजीकरण संख्या का उल्लेख कर, हाल ही की पासपोर्ट आकार की तस्वीर लगाकर, अपनी उम्र, योग्यता, जाति और प्रासंगिक अनुभव के समर्थन में सभी प्रमाणपत्रों और प्रशंसापत्रों की प्रतियों (स्वप्रमाणित) के साथ, पोस्ट द्वारा 'पोस्ट बॉक्स नंबर 1352, डाकघर, हुमायूँ नगर, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, पिन-500028' पर इस तरह भेजना होगा, ताकि यह 07.04.2021 को या उससे पहले तक उपरोक्त पते पर पहुंच सके। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त डाउनलोड किए गए आवेदन या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन, सरसरी तौर पर खारिज कर दिए जाएंगे।
ठ	कॉल लेटर / प्रवेश पत्र डाक / ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। कॉल लेटर / एडमिट कार्ड एनएमडीसी वेबसाइट के करियर पेज से भी बनाए जा सकते हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रदत्त अमान्य / गलत पता / ईमेल आईडी के कारण ईमेल नहीं मिलने, या डाक की देरी / डाक द्वारा सूचना नहीं मिलने के लिए एनएमडीसी जिम्मेदार नहीं होगा। केवल वैध कॉल लेटर / प्रवेश पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) / पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

6.0 चयन के माध्यम:

6.1 उपरोक्त पदों के लिए चयन की विधि में निम्नलिखित शामिल होंगे:

स्तर	चयन का तरीका	अधिकतम अंक
I	ऑनलाइन टेस्ट (कंप्यूटर आधारित टेस्ट)	100
II	पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण	अर्हक प्रकृति
	कुल मार्क	**100 marks**

6.2 योग्य उम्मीदवारों को बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के लिए प्रबंधन द्वारा तय किए गए किसी भी केंद्र पर उपस्थित होना होगा।

6.3 ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) की भाषा हिंदी और अंग्रेजी होगी, जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के कई प्रश्न होंगे।

6.4 आरक्षण नीति का पालन करते हुए उम्मीदवारों को ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में उनके प्रदर्शन के आधार पर पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में न्यूनतम अंक प्राप्त करना चाहिए, जो इस प्रकार है:

"एससी / एसटी / पीडब्ल्यूडी –40 अंक, ओबीसी (एनसीएल) –45 अंक और यूआर एंड ईडब्ल्यूएस – 50 अंक"।

6.5 पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा: इसमें पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा होगा जो प्रकृति में अर्हकारी है। पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा (कुल 100 अंकों में से) में अर्हक अंक निम्नानुसार होंगे:

(i) यूआर / ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए 40%अंक

(ii) ओबीसी (एनसीएल) के उम्मीदवारों के लिए 37%और

(iii) एससी / एसटी / डीडब्ल्यूडी के लिए 30%अंक

7.0 बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों का अनुपात (पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए): उम्मीदवारों को 1:3के अनुपात में पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा, जो ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में प्राप्त अंकों के आधार पर, विषयवार / श्रेणीवार है। यदि एक ही विषय / श्रेणी में दो या अधिक उम्मीदवारों ने ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में समान अंक हासिल किए हैं और 1:3का अनुपात बढ रहा है, तो ऐसे मामले में, उन सभी अभ्यर्थियों को जिन्होंने समान अंक प्राप्त किए हैं, उपरोक्त अनुपात के बावजूद, पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

7.1 जिन उम्मीदवारों ने पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण में भाग लिया है लेकिन अर्हता अंक प्राप्त नहीं किए हैं, अंतिम वरीयता सूची में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.2 पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा की प्रक्रिया: पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण संबंधित विषय में आयोजित की जाएगी जो अनिवार्य है। पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण प्रकृति में अर्हकारी है और इसके अंक ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के अंकों में शामिल नहीं होंगे। अंतिम चयन ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के आधार पर होगा जो पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण में अर्हता और उपरोक्त खंड क्र. 7.1 के अधीन है।

7.3 पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा और अंतिम चयन के लिए उम्मीदवारों की वरीयता सूची ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) में उनके प्रदर्शन के आधार पर विषय–वार तैयार की जाएगी।

7.4 किसी भी परिस्थिति में आवश्यक होने पर, ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) से किसी भी प्रश्न / प्रश्नों को रद्द करने / वापस लेने का अधिकार एनएमडीसी के पास सुरक्षित है।

8.0 दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन: –

जिन अभ्यर्थियों को पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा, उन्हें पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के समय अधिसूचना के अनुसार उनकी पात्रता के सत्यापन के लिए आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, आदि के समर्थन में स्व–सत्यापित छाया प्रतियों के साथ मूल दस्तावेज / प्रशंसापत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा में भाग लेने से पहले आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत / जमा नहीं करता है, तो उम्मीदवार को पर्यवेक्षी कौशल परीक्षण में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में एनएमडीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

9.0 सामान्य शर्तें:

9.1 आवेदक की जन्मतिथि और नाम मान्यता प्राप्त बोर्ड द्वारा जारी किए गए मैट्रिकुलेशन / 10 वीं कक्षा प्रमाण पत्र से ही लिया जाएगा। जन्मतिथि और नाम का कोई अन्य प्रमाण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.2 शैक्षिक योग्यता की पात्रता और न्यूनतम आयु के लिए कट–ऑफ तिथि ऑन–लाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी, जैसा कि इस अधिसूचना के खंड संख्या 5(क) में उल्लेखित है। यदि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती है, तो भी पात्रता की गणना के लिए मूल कट–ऑफ की तिथि अपरिवर्तित रहेगी।

9.3 निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अनिवार्य है और इस के अभाव में, उम्मीदवार के पास कोई उच्च योग्यता होने पर भी, वह ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) /पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं होगा।

9.4 एनएमडीसी प्रबंधन प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) /पर्यवेक्षी कौशल परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को बुलाए जाने के योग्यता, अनुभव इत्यादि के मानदंडों को बदलने / तय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उम्मीदवारों को आवेदनों की जाँच के बाद ही ऑनलाइन टेस्ट (सीबीटी) के लिए बुलाया जाएगा।

9.5 भर्ती प्रक्रिया के दौरान, अगर उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई किसी भी जानकारी को गलत / अपूर्ण या उपरोक्त पद की अधिसूचना में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, या यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने कोई भी वास्तविक जानकारी छुपाई / विकृत कर दी है तो,उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर या चयन के बाद भी रद्द कर दी जाएगी।

9.6 न्यूनतम मानदंडों को पूरा करने मात्र से उम्मीदवारों में भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। प्रतिक्रिया और आवश्यकता के आधार पर, किसी भी अग्रिम सूचना के बिना या कोई भी कारण बताए बिना, पूरी भर्ती / चयन प्रक्रिया को बढ़ाने / कम करने / रद्द करने / संशोधित करने / बदलने का अधिकार प्रबंधन के पास सुरक्षित है। चयन हेतु उम्मीदवारों को बुलाने के लिए प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

9.7 कनिष्ठ अधिकारी (प्रशिक्षु) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को शुरू में परियोजनाओं में ही नियुक्त किया जाएगा। हालांकि, एनएमडीसी लिमिटेड में उम्मीदवार की सेवा के दौरान उन्हें आवश्यकतानुसार एनएमडीसी लिमिटेड की किसी भी खान / इकाइयों / कार्यालयों में तैनात किए जा सकता है, और उन्हें कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार दायित्व / कार्य सौंपे जा सकते हैं।

9.8 किसी भी टंकण संबंधित त्रुटियों या चूक, स्पष्टीकरण, परिशोधन के मामले में अधिसूचना केवल एनएमडीसी की वेबसाइट में जारी की जाएगी। ऐसे मामलों में, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाई जाएगी। सामान्य तौर पर, रोजगार अधिसूचना जारी करने के बाद रिक्तियों की संख्या, अधिसूचित विनिर्देशों / मानदंड में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा।

कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और रोज़गार देने का सबसे बड़ा साधन भी। मध्यप्रदेश ने एक या दो नहीं सात कृषि कर्मण अवॉर्ड प्राप्त किए। गत वर्ष कोरोना संकट के बाद भी देश में सर्वाधिक गेहूं उपार्जन का रिकॉर्ड मध्यप्रदेश ने बनाया। श्री चौहान ने कहा कि सिंचाई क्षेत्र में पहले कुल रकबा सिर्फ सात लाख हेक्टेयर था। इसे बढ़ाकर 41 लाख किया गया। इसे निरंतर बढ़ाने का लक्ष्य है। नर्मदा नदी को क्षिप्रा नदी से जोड़ा गया। गंभीर नदी से भी जोड़ा गया। अब हम नर्मदा जी को कालीसिंध और पार्वती से जोड़ रहे हैं। जो पानी बहकर व्यर्थ चला जाता था उसे रोककर सिंचाई की समुचित व्यवस्था की गई। पेयजल के प्रबंध किए गए।

बुंदेलखण्ड की तस्वीर बदलेगी

श्री चौहान ने कहा कि विश्व जल दिवस पर प्रधानमंत्री जी के समक्ष हुए त्रि-पक्षीय समझौते से केन और बेतवा को जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल हुई है। इससे मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड अंचल की तकदीर और तस्वीर बदल जाएगी। इस अंचल के 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बेहतर सिंचाई होगी। यही नहीं करीब 41 लाख लोगों को पर्याप्त पेयजल भी मिल सकेगा।

पर्यटन विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन संभावनाओं का दोहन किया जाएगा। इसके फलस्वरूप भारत ही नहीं विश्व के देशों के सैलानी मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आयेंगे। बफर में सफर और नाईट सफारी की शुरुआत की गई है।

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
परियोजना क्रियान्वयन इकाई, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

NIT No. 05/2021/Centralized Tender/G/APD/JBP/Dated 19.03.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2021_PWPIU_135962_1	धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर (फेस-1) का भवन निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	जबलपुर	8151.52	4075760/-	50000/-	24

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्युमेंट वेबसाइट **http://mptender.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 19.03.2021 समय 9.00 से दिनांक 05.04.2021 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-21852/45401/2021 लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. जबलपुर

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केंद्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95

क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMSS/2021/569 भोपाल, दिनांक 23.03.2021

राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा वर्ष 2020-21
दिनांक 02.05.2021 के विज्ञापन के संबंध में।
टंकन त्रुटि संशोधन

राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2020-21 दिनांक 02.05.2021 के विज्ञापन क्रमांक/राशिके/NTSE-NMMSS/2021/555 भोपाल दिनांक 19.03.2021 (जी-21446/20) में विन्दु क्रमांक 6 में परीक्षा के विवरण में टंकन त्रुटिवश परीक्षा वर्ष 2020 (02.05.2020) प्रकाशित हो गया है। अतः विन्दु क्रमांक 6 में परीक्षा दिनांक 02.05.2020 के स्थान पर **02.05.2021** पढ़ा जाये।
शेष अन्य जानकारियां पूर्ववत रहेंगी।

अपर मिशन संचालक
जी-21780/45403/2021 राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1 ग्वालियर
निविदा विज्ञप्ति सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 60 **दिनांक 23.03.2021**

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन दिनांक 29.08.2017/01.08.2014 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबन्द निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती हैं, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेंगी। पोस्टल विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. रिप्लास्टरिंग, रिफ्लोरिंग, वाटर सप्लाई एण्ड सेनेट्री फिटिंग इन डैमेज्ड टॉयलेट ऑफ हॉनेबल डिस्ट्रिक्ट जज चैम्बर एट हाईकोर्ट ग्वालियर।

निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म	1. ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) 2. अमानत राशि	कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक	1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. सं.क्र. 1	1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. सं.क्र. 1	1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्र.
2000/- "अ"	5.00/- 10000/-	**03.04.2021**	06.04.2021	06.04.2021	एक माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

2. एडिशनल एण्ड अल्टेशन वर्क एट फर्स्ट फ्लोर बैडरूम एण्ड टाईल्स इंक्लूडिंग प्रोवाइडिंग पेवर ब्लॉक वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट एट हॉनेबल मिनिस्टर एण्ड जजेस बंगलो आर.सी. रोड ग्वालियर।

2000/- "अ"	9.99/- 20000/-	03.04.2021	06.04.2021	06.04.2021	एक माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

3. रिनोवेशन एण्ड प्लास्टरिंग, फ्लोरिंग, टाईल्स एण्ड मिसलेनियस वर्क हॉनेबल हाईकोर्ट जज बंगलो नम्बर 17-बी एण्ड अदर व्ही.आई.पी. बंगले गांधी रोड ग्वालियर।

2000/- "अ"	9.95/- 20000/-	03.04.2021	06.04.2021	06.04.2021	एक माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

4. रूफ रिपेयर, वाउण्ड्रीवॉल, टॉयलेट ब्लॉक रिपेयर वर्क इन हाईकोर्ट ग्वालियर।

2000/- "अ"	9.96/- 20000/-	03.04.2021	06.04.2021	06.04.2021	एक माह केन्द्रीयकृत प्रथम आमंत्रण

कुल कार्य - 04 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 9.99 लाख
टीप - शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-21832/45402/2021 लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, ग्वालियर

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड, भोपाल
क्र./214/तशा/प.यं./2021 **दिनांक : 18.03.2021**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2021_MPPHC_135728_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.03.2021 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/100359/45404/2021 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.– 462011
No.5007/22/D-12/NIT-Maint./2021 Bhopal, Dated : 22.03.2021

NOTICE INVITING TENDER No. 154/MTN/2021 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

Name of Work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1 : Name of Work – Within 5 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Seoni	5	10037000.00

2. Table No. 1 : Name of Work – Post 5 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Chhatarpur	1	12000000.00
2.	Umaria	1	9715000.00

3. Table No. 2 : Name of Work – Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
2.	Shahdol	1	6990000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **24.03.2021 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/100388/45405/2021 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

राज्य वन अनुसंधान संस्थान

कार्यालय संचालक, पॉलीपाथर, जबलपुर - 482008
दूरभाष नं. - 0761 2665540, 2666529
Email : sdfri@rediffmail.com, mpsfri@gmail.com

बैकलॉग के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये वन्य प्राणी वैज्ञानिक एस.बी. की भर्ती हेतु विज्ञापन

मध्यप्रदेश राज्य वन अनुसंधान संस्थान (SFRI), जबलपुर द्वारा वन्य प्राणी शाखा हेतु वैज्ञानिक "एस.बी." श्रेणी (वेतनमान - छठवें वेतनमान अनुसार रु. 15,600-39000 ग्रेड पे रु. 5400/-) के बैकलॉग के कुल 4 रिक्त पदों की पूर्ति के लिये मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जनजाति (02 पद), अनुसूचित जाति (01 पद) और अन्य पिछड़ा वर्ग (01 पद) के योग्य उम्मीदवारों से आवेदन **दिनांक 30.04.2021 की सायं 05.00 बजे तक** आमंत्रित हैं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु आदि का विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाइट **www.mpsfri.org** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/100403/45407/2021 **संचालक**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03, भोपाल
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/193/पयं/तशा/2020 भोपाल, दिनांक 24.03.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

बाह्य विद्युतीकरण कार्य (24+72) बहुमंजिला आवास गृह गोल लाइन जहांगीराबाद भोपाल में 11/0.4 KV, 3x200 KVA 11 KV and 1x200 KVA 11 KV शिरोपरी लाइन का कार्य जिला भोपाल जिसकी अनुमानित लागत रु. 32.59 लाख के लिए निविदा क्रमांक-14/2020-21 (टेण्डर क्र.-2021_MPPHC_136616) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-03.04.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/100414/45408/2021 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन, रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601523/8871571988

प्रेस-विज्ञप्ति

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला सीधी एवं अनूपपुर में मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_136808_1, 136827) आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.04.2021 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण **Portal : http: //www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/100434/45410/2021 **परियोजना यंत्री**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

एक वर्ष में रोग नियंत्रण और अर्थव्यवस्था संभालने में मिली सफलता

भोपाल, कोरोना वायरस के नियंत्रण के लिए जहां मध्यप्रदेश सरकार पूरी ताकत से कार्य कर रही है, वहीं विभिन्न जन-संचार माध्यम भी जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए रचनात्मक भूमिका निभा रहे हैं। संचार के विभिन्न माध्यमों ने आम जनता को कोरोना से बचने के लिए निरंतर शिक्षित और जागरूक किया है। बीते एक वर्ष में रोग नियंत्रण और अर्थव्यवस्था पटरी पर लाने में सफलता मिली है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एक राष्ट्रीय टीवी न्यूज़ चैनल के शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश में माफिया के विरुद्ध संचालित अभियान और हरियाली बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी।

कोरोना गया नहीं है, हम सभी सावधान रहें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में पड़ोसी राज्य में बढ़े कोरोना के प्रकरणों का दुष्प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों, भीड़ भरे समारोहों और जनता की तरफ से मास्क के उपयोग के प्रति अपेक्षाकृत जागरूकता की कमी से पुनः कोरोना वायरस फैल रहा है। इसे रोकना आवश्यक है। श्री चौहान ने कहा कि वे आम जनता से यह अपील करना चाहते हैं कि गत एक वर्ष में अथक प्रयासों से कोरोना पर नियंत्रण का कार्य हुआ। स्थिति नियंत्रित होते हुए देख कर लोगों में लापरवाही भी दिखने लगी है। उत्सव और मेले होने लगे हैं। इस समय कोरोना वायरस खतरनाक मूड में दिखाई दे रहा है। मध्यप्रदेश में करीब 1300 प्रकरण सामने आए हैं, जो चिंतनीय है। हर व्यक्ति को मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करना है। यदि कोरोना से बचाव का ये उपाय अपनाया जाता है तो हम अवश्य जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चिंतता का भाव आ गया था, उससे प्रकरण बढ़े हैं। अब चूंकि वैक्सीन भी आ गई है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वैक्सीन अवश्य लगवाना है। वैक्सीन के दोनों डोज लगवाए जाना चाहिए। फेस मास्क के निरंतर उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग के माध्यम से स्वयं को और परिवार को सुरक्षित भी रखना है।

वायरस पर नियंत्रण और अर्थव्यवस्था संभालने पर ध्यान दिया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में गत वर्ष मार्च माह में उनके मुख्यमंत्री के दायित्व संभालने के समय काफी कठिन परिस्थितियां थीं। राजस्व प्राप्ति नहीं थी। उस समय कोरोना फैलना प्रारंभ हुआ था। अर्थव्यवस्था भी लड़खड़ा रही थी, लेकिन परिस्थितियों पर नियंत्रण स्थापित किया गया। प्रयास सफल हुए और गत वर्ष की तुलना में राजस्व वृद्धि में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में अर्थव्यवस्था को संभालने के प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में जहां शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद व्यक्तियों को रोज़गार देने के लिए रोज़गार सेतु पोर्टल बनाया गया, वहीं पीएम स्वनिधि योजना से शहरी क्षेत्र के साढ़े तीन लाख और ग्रामीण क्षेत्र के डेढ़ लाख, इस तरह पांच लाख छोटे कारोबारियों को मदद की गई। मनरेगा में जरूरतमंद लोगों को कार्य देने का रिकॉर्ड बनाया गया। हुनरमंद लोगों को भी रोज़गार दिया गया। लोकल को वोकल बनाने के प्रयास बढ़ाए गए। जहां बड़े उद्योग राज्य में आए, वहीं एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा दिया गया। शासकीय नौकरियों में भर्ती से प्रतिबंध हटाया गया।

माफिया के विरुद्ध अभियान में मिली सफलता

मुख्यमंत्री ने कहा कि माफिया के विरुद्ध अभियान चलाया गया। विभिन्न तरह के माफिया सक्रिय थे। गुंडागर्दी करने वाले, दादागिरी करने वाले, जमीन पर कब्जा करने वाले, महिलाओं को बहला-फुसलाकर आपराधिक कृत्य करने वाले, अवैध उत्खनन करने वाले, शराब माफिया, चिटफंड कम्पनी के माध्यम से लोगों का पैसा हड़पने वाले अपराधियों के विरुद्ध सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। सिर्फ इंदौर में सरकार ने करीब 5 हजार करोड़ रुपये मूल्य के भूखंड सहकारी समितियों से और भू-माफियाओं से वापस दिलवाए हैं। अपराधियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर उन्हें कारावास में भेजा गया है। वे भागते फिर रहे हैं। यह अभियान जारी रहेगा, हम जनता को राहत देंगे।

जल संरक्षण

श्री चौहान ने कहा कि राज्य में पुनः जलाभिषेक अभियान संचालित होगा। नदियों को जोड़ने की पहल की गई थी। नर्मदा और क्षिप्रा को जोड़ा जा चुका है। अन्य नदियों को भी जोड़ा जाएगा। अनेक जल संरचनाएं निर्मित की गई हैं। हर घर में नल से पेयजल पहुंचेगा।

कोरोना के बढ़ते प्रकरणों के मद्देनजर होली को घरों तक सीमित करना जरूरी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए सतर्कता आवश्यक है। अतः होली के त्योहार को अपने घरों तक सीमित करते हुए 'मेरी होली-मेरे घर' के सिद्धांत का अनुसरण करना आवश्यक है। संपूर्ण प्रदेश में गेर, मेले, चल समारोह सहित अन्य सार्वजनिक आयोजन और सार्वजनिक रूप में लोगों का एकत्रित होना प्रतिबंधित रहेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना पर हुए प्रस्तुतिकरण पर मंत्रिपरिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुये कहीं।

लॉकडाउन के लिए निर्देश जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर के साथ बैतूल, छिंदवाड़ा, रतलाम और खरगोन में कोरोना के प्रकरण निरंतर बढ़ रहे हैं। अतः इन स्थानों पर भी रविवार का लॉकडाउन रहेगा। ग्वालियर, उज्जैन, सागर, विदिशा, बड़वानी और बुरहानपुर में भी प्रतिदिन 20 से अधिक प्रकरण दर्ज हो रहे हैं। ऐसे सभी जिले जहां कोविड के साप्ताहिक पॉजिटिव केसेस का प्रतिशत औसत 20 से अधिक है, वहां विवाह समारोह, शव यात्रा, उठावना और मृत्यु-भोज आदि में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की संख्या को भी सीमित किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा होली, शब-ए-बारात, ईस्टर और ईद-उल-फितर आदि त्योहारों को देखते हुए अतिरिक्त स्थानीय प्रतिबंध लागू करने संबंधी सलाह के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं।

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, बैतूल, छिन्दवाड़ा, रतलाम और खरगोन में शनिवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक लॉकडाउन प्रभावी रहेगा। लॉकडाउन की अवधि में आवश्यक वस्तुओं, उद्योग इकाइयों के श्रमिकों, कर्मचारियों और औद्योगिक कच्चे माल तथा उत्पाद तथा बीमार व्यक्तियों के परिवहन, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन आने और जाने तथा परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए छूट रहेगी।

इन शहरों में 28 मार्च को कोषालय और रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। इनमें कार्य करने वाले कर्मचारियों और कार्यालयों की सेवा प्राप्त करने वाले नागरिकों के आवागमन पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। इन सात शहरों में 31 मार्च तक सभी स्कूल और कॉलेज में शिक्षण बंद रहेगा। सभी परीक्षाएं पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी। इनमें प्रतियोगी परीक्षाएं भी सम्मिलित हैं। परीक्षार्थी तथा परीक्षा के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को आने-जाने में कोई अवरोध नहीं रहेगा।

रेस्टोरेंट में बैठकर खाने पर प्रतिबंध

ऐसे जिलों, जहां कोविड के साप्ताहिक पॉजिटिव केसेस का प्रतिदिन औसत 20 से ज्यादा है, में शादी समारोह में 50 तथा शव यात्रा में 20 से अधिक व्यक्ति के सम्मिलित होने पर प्रतिबंध रहेगा। उठावना, मृत्यु-भोज आदि कार्यक्रमों में भी 50 से अधिक लोग सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। इन जिलों में स्विमिंग पूल, सिनेमाघर, जिम आदि बंद रहेंगे। रेस्टोरेंट में बैठकर खाने पर प्रतिबंध रहेगा। टेक अवे भोजन की व्यवस्था जारी रहेगी। बंद हाल के कार्यक्रम में 50 प्रतिशत हाल की क्षमता (अधिकतम 100 व्यक्ति) सम्मिलित हो सकेंगे।

जनता के हित में लिए गए हैं फैसले

श्री चौहान ने कहा कि जनता के हित में यह फैसले लिए गए हैं। सात शहरों में 28 मार्च को लॉकडाउन होने के कारण होली दहन तथा शब-ए-बारात को सांकेतिक रूप से मनाये जाने की सहमति दी जा सकेगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी जिलों में होली से पूर्व क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक आवश्यक रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। इन जिलों की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी धार्मिक स्थलों में लोगों को एकत्रित होने से प्रतिबंधित करने और लॉकडाउन की अवधि रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे के स्थान पर रात्रि 8 से सुबह 6 बजे तक करने के संबंध में निर्णय ले सकेगी। केमिस्ट, राशन और खान-पान की दुकानों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। जिन जिलों में कोविड के साप्ताहिक पॉजिटिव केसेस का औसत प्रतिशत प्रतिदिन 20 से कम है, वहां क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी जन-सुनवाई के कार्यक्रम स्थगित रखने और विवाह, अंतिम संस्कार जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या निर्धारित करने संबंधी निर्णय ले सकेगी।

भारतीय संस्कृति की प्रमाणिकता एवं गौरव को बढ़ाते हैं शोधकार्य - संस्कृति मंत्री

भोपाल, हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश विपुल पुरातत्व संपदा से भरपूर है। पुरातत्व संपदा के क्षेत्र में किए गए शोध कार्यों से भारतीय संस्कृति की प्रमाणिकता एवं गौरव को बढ़ावा मिलता है। ये बातें संस्कृति, पर्यटन एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने राज्य पुरातत्व संग्रहालय भोपाल के सभागार में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रोफेसर गिरिराज कुमार को 2017-18 एवं प्रोफेसर वी.एच. सोनवणे को 2016-17 के लिए डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, प्रोफेसर गिरिराज कुमार और प्रोफेसर वी.एच. सोनवणे को श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित करती हुई।

सुश्री ठाकुर ने पुरातत्व वेत्ता प्रोफेसर द्वय श्री गिरिराज कुमार एवं श्री सोनवणे को राष्ट्रीय सम्मान के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा किए गए शोधकार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दोनों पुरातत्व वेत्ताओं के शोधकार्यों ने भारत की विपुल संपदा को प्रमाणिकता देकर विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी पुरातत्व संग्रहालयों को ऑडियो-वीडियो एवं वर्चुअल माध्यम से जनसामान्य के समक्ष आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाये तो लोग उनसे प्रेरणा लेकर अपनी पुरासम्पदा और संस्कृति पर गर्व कर सकेंगे।

प्रमुख सचिव संस्कृति, पर्यटन एवं जनसम्पर्क श्री शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश की पुरासम्पदा के क्षेत्र में अनूठी पहचान है। डॉ. वाकणकर का पुरासम्पदा की खोज के क्षेत्र में अमूल्य योगदान था। प्रदेश में पर्यटन एवं संस्कृति की असीम संभावनाएं हैं, जिसका संरक्षण और संवर्द्धन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड हेरीटेज की साइट में प्रदेश के तीन स्थल खजुराहो, सांची एवं भीम बैठका शामिल हैं। जिसमें सतपुड़ा नेशनल पार्क एवं भेड़ाघाट को शामिल करने का प्रयास जारी है। प्रदेश में रॉक आर्ट कई स्थलों पर बिखरी पड़ी हुई है जिसकी खोज के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जायेगी। नई पीढ़ी को शोध कार्यों में प्रोफेसर द्वय के उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरणा मिलेगी।

प्रदेश में ग्रीन इंडिया मिशन में हुए कार्यों को विश्व बैंक ने सराहा

भोपाल, प्रदेश में वनों के सुधार से कार्बन संचयन और जलागम क्षेत्रों का संरक्षण कर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, प्रशिक्षण-कौशल विकास के जरिए स्थानीय समुदाय की आजीविका को सुदृढ़ करने में ग्रीन इण्डिया मिशन योजना को विश्व बैंक द्वारा सराहा गया है।

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में नेशनल मिशन फॉर ग्रीन इंडिया में पिछले वित्तीय वर्ष में 9 हजार 217 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधारोपण कर उपचारित कराया गया। विश्व बैंक द्वारा शत-प्रतिशत अनुदान प्राप्त योजना इकोसिस्टम सर्विसेज इम्प्रूवमेंट परियोजना में 5367 हितग्राहियों की पहचान की जाकर 3203 हितग्राहियों को प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन द्वारा रोज़गार के साधन के विकास आदि कार्य कराए गए हैं।

वन मंत्री ने बताया कि विश्व बैंक द्वारा स्टार मैप आधारित प्लानिंग मॉनीटरिंग सिस्टम में अग्रणी मान्य किया गया है और महुआ संग्रहण के क्षेत्र में महुआ नेट के उपयोग से होशंगाबाद और बैतूल में उत्तर बैतूल वन मण्डल के लैंडस्केप के आदिवासियों द्वारा अपनी आय में बढ़ोतरी करने के साथ ही 18 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र को अग्नि के प्रभाव से मुक्त रखने में कामयाबी हासिल की गई है।

अति संवेदनशील वन मण्डल क्षेत्र

प्रदेश के सतना, बालाघाट (दक्षिण बालाघाट), बैतूल (पश्चिम बैतूल), धार, झाबुआ, बड़वानी, बड़वानी (सेंधवा), पन्ना (दक्षिण पन्ना), श्योपुर, उमरिया, होशंगाबाद, सिवनी (दक्षिण सिवनी), बैतूल (उत्तर बैतूल), रायसेन, औब्दुलागंज, सीहोर और सागर जिले के दक्षिण सागर वन मण्डल को अति संवेदनशील लैण्ड स्कैप के रूप में चयनित किया गया है। वन मंत्री ने बताया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इस वित्तीय वर्ष में 26 करोड़ 22 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

ग्रीन इंडिया मिशन योजना

प्रदेश स्तर पर वन विभाग में गठित परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के आधार पर 5 वर्षीय दीर्घकालीन योजना तैयार की गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मेरी सुरक्षा–मेरा मास्क

कोरोना से बचाव के लिये मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग जरूरी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इन्दौर में लोगों से मास्क लगाने की अपील करते हुये।

इन्दौर, कोरोना नियंत्रण के लिये मास्क लगाना, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना, बार-बार हाथ धोना और सेनिटाइजर से हाथ साफ करना अत्यंत जरूरी है। कोरोना से बचाव के लिये यही कारगर माध्यम है। अभी संभल जाओ नहीं तो विपरीत और मुश्किल भरी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्दौर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने नागरिकों, दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों आदि से अपील की कि वे कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पालन करें।

मुख्यमंत्री ने इन्दौर में मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये प्रारंभ हुए प्रांतव्यापी संकल्प अभियान के तहत 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क' का संकल्प नागरिकों को दिलाया। शाम के सात बजे, जैसे ही सायरन बजा लोग जहां थे वहीं खड़े हो गये और मुख्यमंत्री सहित सभी ने मास्क लगाने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की शपथ ली।

श्री चौहान ने कहा कि इन्दौर का उदाहरण पूरे देश-दुनिया में स्वच्छता एवं सफाई के लिये दिया जाता है। हमें आगे भी स्वच्छता एवं सफाई बनाये रखनी है। इन्दौर से मेरा विशेष लगाव है। इन्दौर की स्थिति को देखते हुये मेरा मन नहीं माना और मैं इन्दौर चला आया। इन्दौर में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अभी कोरोना का वायरस समाप्त नहीं हुआ है। पूरी तरह इससे सचेत और सावधान रहें। जरा सी असावधानी बड़ी परेशानी का कारण बनेगी। सही तरीके से मास्क लगाया जाये। इन्दौर के लोगों की जवाबदारी है कि वे मालवा और पूरे प्रदेश को इस महामारी के प्रकोप से बचायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प अभियान के तहत सायरन बजना, कोरोना होने की चेतावनी है। मैं डराने नहीं, बल्कि सचेत करने आया हूं। सभी लोगों का दायित्व है कि वे स्वयं तो सुरक्षित रहें साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखें। मुख्यमंत्री ने 56 दुकान एरिया के दुकानदारों और यहां उपस्थित नागरिकों को मास्क लगाये तथा दुकानों के सामने सोशल डिस्टेंसिंग के चिन्ह भी स्वयं अपने हाथों से बनाये।

श्री चौहान ने नागरिकों को संकल्प दिलाया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये मास्क लगाऊंगा, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करूंगा और अपने आस-पास वालों को भी मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग रखने के लिये प्रोत्साहित करूंगा। आवश्यक कार्य होने पर ही बाहर निकलूंगा और जब भी बाहर निकलूंगा या रहूंगा तो कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करूंगा। 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क' कोरोना हारेगा, इन्दौर जीतेगा।

स्वच्छता के साथ पर्यावरण सुरक्षा के प्रति भी जागरूक है मध्यप्रदेश

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में स्वच्छता के नये आयाम स्थापित करने के साथ ही जल-वायु की शुद्धता, संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास निरंतर जारी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कचरे एवं मल-जल से होने वाले प्रदूषण से मुक्त करने के लिये भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। युवाओं को पर्यावरण संबंधी विषयों में प्रशिक्षित करने के लिये एप्को द्वारा डिप्लोमा कोर्स चलाने के साथ छोटी अवधि के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किये जाते हैं। पर्यावरण जागरूकता के साथ ही इनसे रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होते हैं।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोविड-19 महामारी के दौरान जनित 2200 मीट्रिक टन कोविड वेस्ट और 6120 मीट्रिक टन जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट का निष्पादन प्रदेश में स्थापित इन्सिनेरेटर्स में करवाया। इससे संक्रमित कचरा इधर-उधर नहीं फैला और कुछ हद तक संक्रमण फैलने पर अंकुश लग सका।

प्रदेश के तालाबों और जल-संरचनाओं के संरक्षण का काम भी जारी है। रतलाम के अमृत सागर तालाब के लिये केंद्र सरकार से स्वीकृति के बाद 21 करोड़ रुपये से संरक्षण का कार्य आरंभ कर दिया गया है। वहीं सीता सागर, दतिया के संरक्षण एवं प्रबंध की योजना केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से स्वीकृत हो गई है। जल्द ही 13 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत की इस परियोजना का कार्य शुरू होने जा रहा है। धार जिले के मुंज सागर, देवी सागर और धूप सागर तालाब के लिये 37 करोड़ रुपये की योजना का प्रस्ताव केंद्र शासन को भेजा गया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के पालन में मंदसौर जिले की शिवना नदी को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिये लगभग 100 करोड़ का प्रस्ताव केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भेजा गया है।

अति प्रदूषणकारी प्रकृति के 211 उद्योगों में सतत ऑनलाइन मॉनीटरिंग उपकरणों की स्थापना कराई गई। इसकी निगरानी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में स्थापित इन्वायरमेंट सर्विलेंस सेंटर, भोपाल द्वारा की जा रही है।

प्लास्टिक पैकिंग उपयोग करने वाली इकाइयों के लिये एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर्स रिस्पांसबिलिटी (ईपीआर) के तहत 16 ईपीआर संस्थाओं का पंजीयन किया गया है। इससे प्लास्टिक पैकिंग करने वाली इकाई अपने वेस्ट का निष्पादन पंजीकृत संस्थाओं के माध्यम से कर रही हैं और प्लास्टिक वेस्ट पर्यावरण को प्रदूषित नहीं कर रहा।

नर्मदा नदी में प्रदूषण पर निगरानी रखने के लिये उद्गम स्थल अमरकंटक से अलीराजपुर तक 50 स्थलों पर जल गुणवत्ता मापन का कार्य किया जा रहा है। नर्मदा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में स्थापित जल प्रदूषणकारी उद्योगों में आवश्यक दूषित जल उपचार संयंत्रों की स्थापना से निस्त्राव की स्थिति शून्य हो गई है। अन्य नदियों की जल शुद्धता जांचने के लिये भी निरंतर जल गुणवत्ता मापन किया जा रहा है। डिस्टलरी और अन्य जल प्रदूषणकारी उद्योगों में अत्याधुनिक उपकरणों की स्थापना से प्रदेश में औद्योगिक जल प्रदूषण की समस्या को नियंत्रित किया गया है।

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भोपाल सहित प्रदेश के 17 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से पर्यावरण की निगरानी की जा रही है। प्रदेश में वायु की शुद्धता, ध्वनि प्रदूषण और वाहनों से होने वाले प्रदूषण की जांच का काम लगातार किया जा रहा है।

सभी जिलों में परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 18 प्रमुख शहरों में हवा की शुद्धता की निरंतर जांच के लिये वायु गुणवत्ता मापन स्टेशन स्थापित किये जा चुके हैं।

पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिये छात्रावास सुविधा

भोपाल, मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिकाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग के बालकों के लिये प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास संचालित किये जा रहे हैं।

उज्जैन में पिछड़ा वर्ग के बालकों के लिये 100 सीटर क्षमता के बालक छात्रावास के भवन का निर्माण कार्य पूर्णतः की ओर है। विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में बालक छात्रावास के संचालन के लिये 5 करोड़ 70 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

पिछड़ा वर्ग की बालिकाओं के लिये छात्रावास सुविधा

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में पिछड़े वर्ग की बालिकाओं को पढ़ाई के लिये आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के मकसद से प्रदेश के सभी जिलों में पिछड़ा वर्ग पोस्ट-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवनों की स्थापना की योजना है। उज्जैन में 100 सीटर क्षमता के कन्या छात्रावास निर्माण का कार्य पूर्णतः की ओर है। इसके साथ ही जबलपुर में 500 सीटर क्षमता के पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

छात्र गृह योजना

पिछड़ा वर्ग के जिन छात्र-छात्राओं को विभागीय छात्रावासों में स्थान अभाव के कारण प्रवेश नहीं मिल पाता है, उनके लिये पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्र गृह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 2 या 2 से अधिक विद्यार्थियों को किराये के भवन में रहने पर भवन के किराये की प्रतिपूर्ति विभाग द्वारा की जा रही है। विभाग द्वारा इस वर्ष छात्र गृह योजना में करीब 91 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। छात्र गृह योजना में विभाग द्वारा तहसील, जिला एवं संभाग स्तर के छात्र गृह के लिये किराये के भवन का मासिक किराया प्रति छात्र एक हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

हम भी मास्क लगायें, औरों को भी करें प्रेरित - कृषि मंत्री

हरदा, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने जिला चिकित्सालय हरदा में कोरोना से बचाव के लिये मास्क लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का संकल्प दिलाया। श्री पटेल ने कहा कि हम स्वयं भी मास्क लगायें और सभी को मास्क लगाने के लिये प्रेरित करें, क्योंकि मास्क ही कोरोना से बचाव का सबसे सुरक्षित उपाय है। उन्होंने जिला चिकित्सालय, हरदा में एम्बुलेंस का भी लोकार्पण किया। श्री पटेल ने कहा कि मास्क लगाने में किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना संक्रमण का कारण बनेगी। एक जिम्मेदार नागरिक बनकर अन्य नागरिकों को संक्रमित होने से बचायें। जब तक कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हो जाता, हमें जिम्मेदार नागरिक की भाँति मास्क लगाना है, ताकि हम स्वयं को और आसपास के लोगों को संक्रमण से बचा सकें। उन्होंने जिला चिकित्सालय में कोरोना जागरूकता के लिये हस्ताक्षर अभियान अंतर्गत बैनर पर हस्ताक्षर किये।

निवेशकों को हर सम्भव मदद करेगी मध्यप्रदेश सरकार - एमएसएमई मंत्री

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा राजस्थान के उद्योगपतियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने भीलवाड़ा में राजस्थान के टेक्सटाइल उद्योगपतियों से मुलाकात के दौरान कहा है कि वे मध्यप्रदेश आयें, हमारे प्रदेश में उद्योगों के लिए असीमित सम्भावनाएं तो है हीं उद्योग मित्र पॉलिसी और सस्ती बिजली के साथ मानव श्रम भी भरपूर है। श्री सखलेचा विगत दिनों भीलवाड़ा के एक होटल में राजस्थान के उद्योगपतियों और उद्योग भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार का औद्योगिक निवेश बढ़ाने पर जोर है। मध्यप्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों के उद्यमियों को विभिन्न रियायतें देकर लगातार निवेश आमंत्रित कर रही है।

मध्यप्रदेश में उद्योग मित्र पॉलिसी

इन्वेस्टर समिट-2021 के नाम से हुए इस सम्मेलन में श्री सखलेचा सहित उनकी टीम के अधिकारियों ने राजस्थान की सीमा से जुड़े नीमच, मंदसौर सहित अन्य जिलों में निवेश को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया। उन्होंने मध्यप्रदेश की उद्योग मित्र पालिसी और अनुकूल वातावरण से अवगत करवाया। श्री सखलेचा ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नए उद्योगों को दी जा रही रियायतें, सुविधाएं आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार आपके सहयोग के लिए खड़ी है। किसी भी कार्य में बाधा पर आप सीधे मुझे या एम.एस.एम.ई. विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं।

भौगोलिक रूप से उद्योगों के मुफीद है मध्यप्रदेश

इससे पहले विभाग के सचिव श्री विवेक पोरवाल ने मध्यप्रदेश सरकार की औद्योगिक नीतियों पर प्रजेन्टेशन देते हुए बताया कि भौगोलिक रूप से मध्यप्रदेश देश के मध्य में होने से यहां से किसी भी घरेलू मार्केट या बन्दरगाह तक माल भेजने में परिवहन खर्च लगभग 5 प्रतिशत कम है। मध्यप्रदेश विद्युत सरप्लस स्टेट है। इस अवसर पर मेवाड़ चेम्बर के डॉ. आर.सी. लोढ़ा, डॉ. पी.एम. बेसवाल, लघु उद्योग भारती के महेश हुरकट, अनूप बागडोदिया, सिन्थेटिक वीविंग मिल्स एसोसिएशन के शाविर मोहम्मद, रमेश अग्रवाल एवं भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के अतुल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमस्वरूप गर्ग, मार्बल गेंगशॉ एसोसिएशन के प्रेजिडेंट रवि शर्मा, मेवाड़ चेम्बर के पदाधिकारी सहित अनेक उद्यमी उपस्थित थे। श्री सखलेचा ने कहा कि पिछले 6 महीने से कई निवेशक व्यक्तिगत रूप से आकर मिले जिनकी रुचि मध्यप्रदेश में काम करने की है। श्री सखलेचा ने भीलवाड़ा लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में समर्पण सिंथेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का निरीक्षण भी किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए 316 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की वर्चुअल बैठक में गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल एवं सम्बद्ध चिकित्सालय में भारत सरकार के प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के सहयोग से जनता को विशिष्ट चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार से संबंधित निर्माण कार्य करने के लिए 316 करोड 96 लाख रुपये की स्वीकृति दी। मंत्रिपरिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय सागर में वायरल रिसर्च डायग्नोस्टिक लैब की स्थापना के लिए तीन पदों के सृजन की प्रशासकीय स्वीकृति दी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

दो पत्रकारों को सम्मान निधि

मंत्रिपरिषद ने दो पत्रकार श्री सुनील तिवारी और श्री नरेन्द्र कुलश्रेष्ठ की गंभीर बीमारी को विशेष परिस्थिति में विशेष प्रकरण मानते हुए नियमों को शिथिल करते हुए सम्मान निधि देने का निर्णय लिया है।

मध्यप्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) विधेयक 2021

मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) विधेयक, 2021 का अनुमोदन किया। उक्त विधेयक में कॉलोनाइजर के रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया, कॉलोनी विकास की अनुमति की प्रक्रिया को सुस्पष्ट एवं सरल किये जाने के लिए संशोधन प्रस्तावित किये गये हैं, जिससे प्राधिकृत कॉलोनियों के विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। कॉलोनी विकास की अनुमति के उल्लघंन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के प्रावधान किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इसके अतिरिक्त अप्राधिकृत कॉलोनियों के विकास के अपराध पर शास्ति प्रदान करने संबंधी कड़े प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किये गये हैं, जिसमें अप्राधिकृत कॉलोनी विकास पर अंकुश लगाया जाना संभव हो सकेगा। अप्राधिकृत कॉलोनियों को चिन्हित किये जाने के बाद उनमें नागरिक अधोसंरचना का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके तथा अप्राधिकृत कॉलोनियों के अभिन्यास के नियमितीकरण एवं इनमें भवन अनुज्ञा प्रदान की जा सके, ऐसे प्रावधान संशोधन विधेयक में किये गये हैं। इसके अतिरिक्त अप्राधिकृत निर्माण के अपराध को शमन करने के लिए एफएआर के 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा को बढ़ाया जाकर 20 प्रतिशत किये जाने के प्रावधान भी किये गये हैं।

वाणिज्यिक कर

मंत्रिपरिषद ने वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रस्तावित वित्तीय वर्ष 2021-22 के प्रथम 2 माह के लिये देशी मदिरा प्रदाय व्यवस्था तथा संपूर्ण वर्ष 2021-22 के लिये भांग की दुकानों के निष्पादन, विनिर्माण इकाइयों, वेयर हाउस तथा बार लायसेंस के प्रदाय की व्यवस्था का अनुमोदन किया।

भिण्ड सैनिक स्कूल के लिए अनुमोदन

कलेक्टर भिण्ड द्वारा सैनिक स्कूल के लिए औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 50 एकड़ भूमि चिन्हित कर आवंटन के लिए प्रस्तावित की है। राज्य शासन के दायित्वों के लिए कुल व्यय 3 करोड़ रुपये राज्य बजट में प्रावधानित किया गया है। अधोसंरचना निर्माण के लिए राशि 70 से 100 करोड़ रुपये तक व्यय होना संभावित है, जो कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा वहन किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन दिया।

गरीबों के हक के लिये बनाई गई योजनायें रहेंगी संचालित - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान बड़वानी में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सम्मानित करते हुये।

बड़वानी, गरीबों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही मेरी सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए मैं सज्जनों के लिए फूल से ज्यादा कोमल एवं गुण्डे, बदमाशों के लिए वज्र से ज्यादा कठोर हूं। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की योजना पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा। गरीबों के हित के लिए बनाई गई योजनाएं संचालित रहेंगी। पिछली सरकार ने जिन योजनाओं को बंद कर दिया था, उन्हें पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़वानी जिले में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों का सम्मान पुष्पहार पहनाकर एवं शाल, श्रीफल तथा भगवद् गीता भेंट कर किया। कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री ने मुम्मई माता मंदिर परिसर में आम का पौधा रोपा और कन्याओं का पूजन किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिये 5 लाख रुपये की लागत के सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की।

श्री चौहान ने बताया कि समर्थन मूल्य पर किसानों का एक-एक दाना खरीदा जायेगा। आगामी तीन साल में हर गरीब का पक्का मकान बनवाया जायेगा। प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में जल मिशन के तहत नल के माध्यम से घर-घर जल पहुंचाया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से जाना कि गणवेश उनसे ही खरीदी जा रही है या किसी ठेकेदार से। महिलाओं ने बताया कि गणवेश की सिलाई करके वे ही वितरित कर रही हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि महिलाओं के समूह को आगे बढ़ाने के लिए अब 2 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

श्री चौहान ने बताया कि लॉकडाउन की परिस्थितियों से छोटे-छोटे काम धंधा करने वालों के लिए स्ट्रीट वेण्डर योजना अत्यंत कारगर सिद्ध हुई है। इस योजना को आगे भी जारी रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि मास्क लगाने से 90 प्रतिशत कोरोना संक्रमण को रोका जा सकता है। इसलिए सभी लोग मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से एवं सही तरीके से करें। इस दौरान उन्होंने कुछ लोगों को टोक कर उनके मास्क को सही से लगवाया। श्री चौहान ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये जन-भागीदारी का आव्हान किया और नागरिकों को सजग रहने की सलाह भी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में कोरोना के विरुद्ध संग्राम जारी है। पहले चरण में फ्रंट लाइन वर्कर और दूसरे चरण में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण किया गया है। अब एक अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण प्रारंभ किया जा रहा है।

हितग्राही हुए सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन, बहु-विकलांगता पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री स्व-रोज़गार, प्रधानमंत्री आवास, दिव्यांग पेंशन, किसान कल्याण निधि और गणवेश वितरण योजना के हितग्राहियों को सम्मानित किया।

गोदामों में भण्डारण के पुख्ता प्रबंध करें - कृषि मंत्री

हरदा, किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा जिला-स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक में सभी गोदामों में भण्डारण के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 155 केंद्रों में खरीदी की जाना सुनिश्चित करें। उपार्जन में महिला स्व-सहायता समूहों की अधिक से अधिक सहायता ली जाये। श्री पटेल ने कहा कि विगत वर्ष जिले में 4.96 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन किया गया था। इस वर्ष भी लगभग 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित किया जाना है।

36वीं मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस

भारत की श्रेष्ठ छवि में वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों का अहम योगदान

भोपाल, दुनिया का सबसे युवा एवं उन्नतशील देश भारत है। भारतीय वैज्ञानिक और शोधार्थियों ने विश्व में भारत की श्रेष्ठ छवि स्थापित की है। दुनिया को सबसे सस्ती कोरोना वैक्सीन देकर भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पड़ोसी देशों को भी भारत वैक्सीन देकर मदद कर रहा है। ये बातें उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की 36वीं मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में विद्यार्थियों को शोध कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का पालन करते हुए विद्यार्थियों को शोध परक डिग्रियां प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों की शोध प्रतिभा को प्रोत्साहन देते हुए पाठ्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि युवा वैज्ञानिक सम्मेलन प्रदेश के युवाओं में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ाने में अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिये विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, छोटे उद्योगों और उच्च शिक्षा इन तीनों को एकजुट होकर काम करना चाहिये। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि छोटे उद्योगों के पास अनुसंधान और विकास के लिये पैसा नहीं है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालयों को इस क्षेत्र में सहयोग करना चाहिये, क्योंकि वहां इसके लिये धनराशि का प्रावधान है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में 36वीं युवा वैज्ञानिक कांग्रेस के दौरान शोध पत्रों की संक्षेपिका का विमोचन करते हुये।

महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को सुविधाजनक ढंग से दिये जायेंगे प्रवेश

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धांत सत्र 2021-22 की समीक्षा करते हुये कहा कि सत्र 2021-22 के अंतर्गत महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जायेगा। विद्यार्थियों को सुविधाजनक एवं पारदर्शी ढंग से प्रवेश लेने में कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को महा-विद्यालयों और उनकी वरीयता अनुसार प्रवेश दिया जाये। विद्यार्थियों के प्रवेश संबंधी दस्तावेजों को ऑनलाइन स्केन कर लिया जाये, जिससे उन्हें महाविद्यालयों में सत्यापन के लिये बार-बार दस्तावेज नहीं ले जाना पड़ें। ऑनलाइन जारी किये गये जाति प्रमाण-पत्रों को स्केन करने की जरूरत नहीं होगी।

रेरा में लोक अदालत का आयोजन दस अप्रैल को होगा

भोपाल, मध्यप्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में 10 अप्रैल को 11 बजे से लोक अदालत आयोजित की जा रही है। प्रभारी रेरा अध्यक्ष तथा सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक ने बताया कि रेरा की प्रस्तावित लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिये तीन खण्डपीठ की स्थापना की गई है। लोक अदालत के आयोजन से पूर्व अनावेदकों के अधिवक्ताओं तथा सी.ए. से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा भी की जायेगी।

खण्डपीठ की स्थापना तथा प्रभारी की नियुक्ति

रेरा प्राधिकरण में आयोजित लोक अदालत में प्रकरणों के निपटारे के लिये गठित खण्डपीठ क्रमांक-01 के प्रभारी अध्यक्ष तथा सदस्य न्यायिक श्री दिनेश कुमार नायक को बनाया गया है। खण्डपीठ क्रमांक-02 के अध्यक्ष न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री व्ही.के. दुबे होंगे। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक-03 के निष्पादन अधिकारी श्री डी.एन. शुक्ला तथा सदस्य श्री जे.एम. चतुर्वेदी को बनाया गया है।

सुनवाई के लिये कक्ष स्थापित

खण्डपीठ क्रमांक 01 प्राधिकरण के प्रथम मंजिल में सुनवाई कक्ष में स्थापित की जायेगी। खण्डपीठ क्रमांक-02 न्यायनिर्णायक अधिकारी के न्यायालीन कक्ष में तथा खण्डपीठ क्रमांक-03 प्राधिकरण की प्रथम मंजिल पर मीटिंग हॉल में स्थापित की जायेगी। नेशनल लोक अदालत के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय भोपाल द्वारा खण्डपीठ गठित किये जाने के लिये तीन अधिवक्ता श्री राजेश शर्मा, सुश्री इन्दु अवस्थी तथा श्रीमती किरण उपाध्याय को सदस्य के रूप में टीम पैनल में रखा गया है। प्राधिकरण द्वारा अधिकारियों को अपने-अपने न्यायालय के अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा कराने के प्रयास करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही रेरा प्राधिकरण द्वारा शिकायत प्रकरणों के पक्षकारों से ज्यादा से ज्यादा राजीनामा के आधार पर प्रकरणों के निराकरण में सहयोग करने की अपील भी की गई है।

सात लाख 68 हजार ग्रामीणों को मिलेगा रोज़गार

भोपाल, वन विभाग द्वारा वर्ष 2021-22 में 7 लाख 68 हजार ग्रामीणों को रोज़गार दिलाने का एक्शन प्लान तैयार किया गया है। साथ ही संयुक्त वन प्रबंधन का नवीन संकल्प भी तैयार किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों की सहभागिता को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में 3 वर्ष की अवधि में 5 हजार ग्राम वन समितियों की सूक्ष्म प्रबंध योजनाएं तैयार की जाएंगी। प्रथम चरण में 317 समितियों की सूक्ष्म प्रबंध योजनाएं बनाई जा चुकी हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बियॉन्से नॉलेस

सबसे अधिक ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली महिला बनीं

बियॉन्से गज़ेल नॉलेस एक ख्यातिप्राप्त अमेरिकन सिंगर और अभिनेत्री हैं। ह्यूस्टन, टेक्सॉस में जन्मीं और पली बढ़ीं बियॉन्से ने हाल ही में लॉस एंजिलिस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 63वें ग्रैमी अवॉर्ड में इतिहास रच दिया। उन्होंने इस बार चार ग्रैमी पुरस्कार जीते। अब उनके कुल 28 ग्रैमी अवॉर्ड हो गए हैं। इसी के साथ वह इतने सारे ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली पहली महिला कलाकार बन गई हैं। उन्होंने मशहूर गायिका एलिसन क्राउस का रिकॉर्ड तोड़ा है।

कैरीना ओलियानी

लावा के ऊपर से गुजरकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

ब्राजील की एडवेंचरर कैरीना ओलियानी ने ज्वालामुखी के लावा के ऊपर से गुजरकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। रस्सी के सहारे गुजरने के दौरान कैरीना 329 फीट 11.7 इंच की दूरी पर उबलते हुए लावा के ऊपर से गुजरीं। जिसे गिनीज बुक में दर्ज किया गया। कैरीना इथियोपिया में ज्वालामुखी एर्ता आले नाम की लावा झील के ऊपर से गुजरीं, जिसका तापमान 1187 डिग्री सेल्सियस था।

एंटीकिथीरा मैकेनिज्म

दो हजार साल पुराने कम्प्यूटर का रहस्य सुलझा

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने हाथ से चलने वाली प्राचीन मशीन एंटीकिथीरा मैकेनिज्म के रहस्य को सुलझाने का दावा किया है। इस मशीन को दुनिया का पहला एनालॉग कम्प्यूटर माना जाता है। 1901 में ग्रीस में मिली 2000 साल पुरानी इस मशीन का एक तिहाई हिस्सा ही बचा था। वैज्ञानिकों ने 3डी कम्प्यूटर मॉडलिंग की मदद से पूरा फ्रंट-पैनल दोबारा बना लिया। एंटीकिथीरा का उपयोग ग्रह, नक्षत्र और तारों की स्थिति और गणना के लिये किया जाता है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को

अभी तक 50 लाख पर्यटकों ने देखा

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आकर्षण बढ़ता जा रहा है। अभी तक 50 लाख पर्यटक इसे देखने आ चुके हैं। गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया इलाके में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा का 31 अक्टूबर 2018 को लोकार्पण किया था।

जापान

गवर्नर पद के लिये चुनाव लड़ने वाला शख्स बना जोकर

जापान में टोक्यो के बाहरी इलाके चीबा में प्रीफेक्चर गवर्नर (एक तरह की प्रशासनिक इकाई) पद के लिये चुनाव लड़ रहे युसुके कवई इन दिनों जोकर बन कर घूम रहे हैं। उन्होंने इन दिनों जॉकिंग फीनिक्स अभिनीत फिल्म जोकर के किरदार वाली वेशभूषा अपनाई हुई है। 40 साल के कवई ने एक रैप 'सॉन्ग' 'इट्स शो टाइम' भी लॉन्च किया है। जिस पर वह कई जगह डांस करते हुये नजर आ रहे हैं।

दुबई

लव झील अंतरिक्ष से दिखाई दी

दुबई के रेगिस्तान में बनाई गई लव झील अंतरिक्ष से खूबसूरत दिल वाली आकृति में दिखाई दे रही है। 55000 वर्गमीटर में दो दिल के आकार की झील के चारों और 16 हजार पेड़ 'लव' की आकृति में लगे हैं। सऊदी के क्राउन प्रिंस ने सोशल मीडिया पर तस्वीर को साझा किया है जिसमें LOVE के आकार में लगे पेड़ मन मोह रहे हैं।

वोल्फगांग

शरीर के 98 फीसदी हिस्से पर टैटू बनवा डाला

जर्मनी के 72 साल के वोल्फगांग किर्श ने शरीर के 98 फीसदी हिस्सों पर टैटू बनवा डाला है। उनका दावा है कि वह जर्मनी के सबसे ज्यादा टैटू बनवाने वाले शख्स हैं। वोल्फगांग ने 86 टैटू और 17 इंप्लांट बनवाये हैं। पैरों के तलवे छोड़ कर शरीर के सभी हिस्सों में टैटू बनावाये हैं। उन्होंने 46 साल की उम्र में पहला टैटू बनवाया था। अभी तक उन्होंने 21,84,861 रुपये टैटू बनवाने पर खर्च किये हैं।

लंदन

नीलाम होगा 88 साल पुराना सिक्का

दुनिया का सबसे प्रसिद्ध 88 साल पुराना सिक्का जून में नीलाम किया जायेगा। इसका बेस प्राइस 109 करोड़ रुपये हो सकता है। नीलामी घर सूदबे के मुताबिक इसके अलावा एक आना का सबसे कीमती स्टाम्प भी नीलाम होगा। वह भी 100 करोड़ रुपये में बिक सकता है।

अंकित प्रसाद और राहुल प्रसाद

दोनों ने मिलकर 500 करोड़ की सॉफ्टवेयर कंपनी बनायी

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के निवासी अंकित प्रसाद और राहुल प्रसाद ने अपनी प्रतिभा के दम पर 500 करोड़ रुपयों की सॉफ्टवेयर कंपनी खड़ी कर दी। जो गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी ग्लोवल कंपनियों को टक्कर दे रही है। 30 वर्षीय अंकित और 32 वर्षीय राहुल की जोड़ी ने 2005 में वेब डिजाइनिंग का काम शुरू किया। 2012 में इन्होंने टच टैलेंट नामक सॉफ्टवेयर कंपनी विकसित की। 2016 में बॉबल एआई कंपनी बनाई और बाबल इंडिक की-बोर्ड लॉन्च किया। यह की-बोर्ड 37 भारतीय भाषाओं के साथ दुनिया की 120 भाषाओं को स्पोर्ट करता है।

मार्क रट्टे

आम चुनाव में प्रधानमंत्री की पार्टी जीती

नीदरलैंड में प्रधानमंत्री मार्क रट्टे आम चुनाव में साइकिल से मतदान करने गये। हाल ही में हुई मतगणना में मार्क रट्टे ने लगातार चौथी बार आम चुनावों में अपनी पार्टी को जीत दिलाई। उनकी पार्टी सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। अब सरकार और गठबंधन पर भी तैयारी शुरू हो गई। ज्ञात रहे कि चाइल्ड केयर सब्सिडी घोटाले के चलते रट्टे को सरकार से इस्तीफा देना पड़ा था।

फ्रांस

मशहूर पेन्टर विन्सेंट की पेंटिंग होगी नीलाम

फ्रांस के महान चित्रकार विन्सेंट वैन गॉग की कालजयी मोन्माट्र स्ट्रीट व्यू पेंटिंग नीलाम की जा रही है। 1887 में बनी यह पेंटिंग फ्रांस के ड्रावर ऑक्शन हाउस में नीलाम की जायेगी। सोदबी ऑक्शन हाउस इसकी पेरिस, न्यूयॉर्क और हॉन्गकॉन्ग में ऑनलाइन नीलामी आयोजित करेगा। माना जा रहा है कि इस पेंटिंग के लिये 43 करोड़ से लेकर 70 करोड़ तक मिल सकते हैं।

श्रीनगर

एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन हुआ गुलजार

जम्मू कश्मीर में एशिया के सबसे बड़े ट्यूलिप गार्डन में फूल खिलने लगे हैं। श्रीनगर के सिराज बाग में 30 हेक्टेयर में फैले गार्डन में 15 लाख ट्यूलिप लगे हैं। इनमें 4.6 लाख ट्यूलिप हॉलैंड से लाये गये हैं। ट्यूलिप फेस्टिवल के दौरान पर्यटकों के आने की संभावना है। संभवतः यही कारण है कि ट्यूलिप फेस्टिवल सफल रहता है और पर्यटकों को इस फेस्टिवल का इंतजार रहता है।

डेब हालंद

अमेरिकी सीनेट ने गृह सचिव बनाया

अमेरिकी सीनेट ने न्यू मैक्सिको से प्रतिनिधि डेब हालंद को गृह सचिव चुना है। इसके साथ ही वह एक कैबिनेट विभाग तथा संघीय एजेंसी का नेतृत्व करने वाली मूल निवासी अमेरिकी बन गई हैं। सीनेट में हुये मतदान में हालंद की उम्मीदवारी के पक्ष में 51 जबकि विरोध में 40 मत पड़े।

माइकल होल्डिंग

बेस्ट एक्सपर्ट का अवॉर्ड मिला

वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर माइकल होल्डिंग को ब्लैक लाइव्स मैटर अभियान के समर्थन के लिये एसजेए ब्रिटिश पत्रकारिता 2020 पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ चुना गया है। होल्डिंग ने पिछले साल इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच सीरीज के दौरान नस्लवाद के खिलाफ मजबूत संदेश दिया था।

विराट चंद्रा

सात साल की उम्र में किलिमंजारो शिखर पर पहुंचा

हैदराबाद के 7 वर्षीय विराट चंद्रा ने नया कीर्तिमान बनाया है। उसने अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी किलिमंजारो को फतह किया। उसने कई दिन के कठोर प्रशिक्षण के बाद चोटी पर पहुंचकर तिरंगा फहराया। विराट अभी दूसरी कक्षा का विद्यार्थी है।

कैलिफोर्निया

बन रही दुनिया की पहली थ्रीडी प्रिंटेड हाउस कम्युनिटी

कैलिफोर्निया में दुनिया की पहली थ्रीडी प्रिंटेड हाउस कम्युनिटी विकसित की जा रही है। यह सीमेंट, कंक्रीट या स्टील से नहीं बल्कि थ्री-डी प्रिंटर तकनीक और रोबोट की मदद से बनाई जायेगी। इसे माइटी बिल्डिंग नाम की कंपनी बना रही है। कम्युनिटी 15 मिलियन डॉलर यानि लगभग 1.08 अरब रुपये की लागत से बनाई जायेगी। थ्रीडी निर्माण की शुरुआत सितंबर 2020 में की गई थी।

दक्षिण अफ्रीका में

भारतीय मूल की दो महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया शहर की रहने वाली भारतीय मूल की दो युवा राबिया घूर और सुमैया दौली को 2021 के लिये क्रमशः फोर्ब्स वूमन अफ्रीका यंग अचीवर्स और टाइम्स-100 की सूची में शामिल किया गया है। राबिया को सौंदर्य उत्पाद और सुमैया को वास्तुकार के लिये सम्मानित किया गया है।

स्मृति शेष

तंजानिया के राष्ट्रपति जॉन पॉम्बे मगुफुली का निधन

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

मास्क नहीं पहनना सामाजिक अपराध है - गृह मंत्री

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के बीच अब भी मास्क नहीं पहनना सामाजिक अपराध है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर प्रारंभ किये गये 'मेरा मास्क-मेरी सुरक्षा' अभियान के तहत न्यू मार्केट, भोपाल में लोगों में जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिये गोले बनाये, बगैर मास्क लगाये लोगों को मास्क लगाकर कोरोना गाइडलाइन के अनुसार सुरक्षित उपाय अपनाने की सलाह दी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिस विभाग भी कोरोना के प्रति जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिये अभिनव पहल करने जा रहा है। अभी तक पुलिस कोरोना को रोकने के लिए मास्क न पहनने वालों को जुर्माना या सजा देने जैसे काम कर रही थी, लेकिन अब एक अभिनव पहल करते हुए गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि गांधीवादी तरीके से मास्क नहीं पहनने वाले व्यक्तियों का एक संदेश के साथ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाएगा, जिससे कि अन्य लोगों को मास्क पहनने की प्रेरणा मिल सके।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा है कि तमाम समझाइश के बावजूद लोग नहीं मान रहे हैं, जबकि मास्क ही कोरोना से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। सोशल डिस्टेंसिंग, हैण्ड-वॉशिंग, सेनेटाइजिंग और मास्क का उपयोग ही हमें कोरोना से बचा सकता है।

यदि हमने इन सबका पालन नहीं किया, तो हमें पूर्व की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों से निरंतर कोरोना प्रकरणों में वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि हमें भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन हर हाल में करना जरूरी है। हमें स्वयं भी सावधान रहते हुए सतर्कता बरतना है और अन्य लोगों को भी जागरूक करना है।

गृह विभाग ने इन्दौर भोपाल और जबलपुर में आगामी आदेश तक रविवार को टोटल लॉकडाउन करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जिन स्थानों पर औसतन 20 से अधिक कोरोना पॉजिटिव केस आ रहे हैं, वहां भी सार्वजनिक आयोजनों पर रोक लगाई गई है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

शिक्षण एवं हिन्दी

1. अच्छी शिक्षा पद्धति वह है?
(A) जिसमें ट्यूशन के बिना काम नहीं चलता है
(B) जिसमें धन के आधार पर शिक्षा दी जाती है
(C) जो विभिन्न वर्ग के बालकों के शिक्षण की व्यवस्था के लिए विभिन्न स्तरों की शिक्षा संस्थाएं खोलती है
(D) जो समाज के प्रत्येक वर्ग के बालकों को एक साथ अध्ययन का अवसर प्रदान करती है
उत्तर :- (D) जो समाज के प्रत्येक वर्ग के बालकों को एक साथ अध्ययन का अवसर प्रदान करती है।

2. आप अध्यापन व्यवसाय को अपनाना चाहते हैं, क्योंकि?
(A) आपके परिवार का कोई सदस्य इस व्यवसाय में नहीं है
(B) प्रारम्भ से ही आपकी रुचि पढ़ने-पढ़ाने में रही है
(C) यह व्यवसाय सर्वाधिक आराम वाला है
(D) आपके माता-पिता आपको शिक्षक बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं
उत्तर :- (B) प्रारम्भ से ही आपकी रुचि पढ़ने-पढ़ाने में रही है।

3. शिक्षकों के प्रति छात्रों की उदासीनता को दूर करने हेतु?
(A) उदासीनता के कारण जानने का प्रयास करेंगे
(B) उनको भाषण द्वारा प्रेरित करेंगे
(C) उनको सहभागी क्रियाओं में भाग लेने की प्रेरणा देंगे
(D) प्राचार्य से शिकायत करेंगे
उत्तर :- (A) उदासीनता के कारण जानने का प्रयास करेंगे।

4. शिक्षकों को सतत शिक्षा से लाभ होता है, क्योंकि?
(A) वे अपने ज्ञान की पुष्टि करते हैं
(B) उससे नवीन ज्ञान को समझने में सहायता मिलती है
(C) उसके द्वारा नई परीक्षा में पास होने में सहायता मिलती है
(D) उपरोक्त सभी सम्भव है
उत्तर :- (B) उससे नवीन ज्ञान को समझने में सहायता मिलती है।

5. स्व-अध्ययन की आदत आप छात्रों में किस प्रकार विकसित कर सकते हैं?
(A) नवीन साहित्य उपलब्ध कराके
(B) स्व-अध्ययन पर भाषण देकर
(C) स्व-अध्ययन करने वाले छात्रों के उदाहरण देकर
(D) स्वयं अपना उदाहरण देकर
उत्तर :- (A) नवीन साहित्य उपलब्ध कराके।

6. लम्बे वाक्य तथा नकारात्मक भाषा, विचार, सम्प्रेषण को बनाते हैं?
(A) अप्रभावी
(B) प्रभावी
(C) कठिन
(D) सामान्य
उत्तर :- (A) अप्रभावी।

7. कठिन एवं जटिल विषय को पढ़ाना चाहिए?
(A) बाद में
(B) खण्डों में
(C) बीच-बीच में
(D) छात्रों की इच्छा से
उत्तर :- (B) खण्डों में।

8. ज्ञानात्मक स्तर पर पढ़ाते समय अध्यापक को पढ़ाना चाहिए?
(A) जल्दी-जल्दी
(B) कठिन विषय
(C) सरल व सुगमतापूर्वक
(D) आवश्यकतानुसार
उत्तर :- (C) सरल व सुगमतापूर्वक।

9. छात्रों में भाषा के उचित विकास हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम अधिक प्रभावशाली होगा?
(A) कवि सम्मेलन
(B) लेखन प्रतियोगिता
(C) वाद-विवाद प्रतियोगिता
(D) भ्रमण कार्यक्रम
उत्तर :- (B) लेखन प्रतियोगिता।

10. शिक्षक में सर्वोच्च महत्वपूर्ण कारक है?
(A) शिक्षण सामग्री की विविधता
(B) प्रयुक्त शिक्षण तकनीकी
(C) सम्प्रेषित विषय-सामग्री
(D) प्रेरणा एवं रुचि की विस्तृतता
उत्तर :- (B) प्रयुक्त शिक्षण तकनीकी।

11. त्रिभाषा सूत्र का मुख्य संदर्भ कहां है?
(A) माध्यमिक स्तर पर
(B) पूर्व माध्यमिक स्तर पर
(C) उच्चतर माध्यमिक स्तर पर
(D) उच्च स्तर पर
उत्तर :- (A) माध्यमिक स्तर पर।

12. निम्नलिखित में से कौन-सी बोलने की योग्यता है?
(A) शुद्ध वर्तनी
(B) सुलेख
(C) श्रुतलेख
(D) आशु भाषण
उत्तर :- (D) आशु भाषण।

13. लिपि का सही ज्ञान एवं अभ्यास का उद्देश्य किस स्तर का है?
(A) प्रारम्भिक स्तर
(B) पूर्व माध्यमिक स्तर
(C) उच्चतर माध्यमिक स्तर
(D) उच्च स्तर
उत्तर :- (A) प्रारम्भिक स्तर।

14. निम्नलिखित में कौन-सा शिक्षण सूत्र नहीं है?
(A) मूर्त से अमूर्त
(B) ज्ञात से अज्ञात
(C) विश्लेषण से संश्लेषण
(D) अनुकरण से अभ्यास
उत्तर :- (D) अनुकरण से अभ्यास।

15. निम्नलिखित में से कौन-सा मौखिक भाव-प्रकाशन का साधन नहीं है?
(A) कहानी कथन
(B) दीपावली पर लेख
(C) अभिनय
(D) संवाद
उत्तर :- (B) दीपावली पर लेख।

16. निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध उच्चारण का कारण नहीं है?
(A) सुलेख विहीनता
(B) ध्वनि लोप
(C) ध्वनि विकृति
(D) शब्द लाघव की प्रवृत्ति
उत्तर :- (A) सुलेख विहीनता।

17. वर्तनी संबंधी अशुद्धि का कौन-सा कारण नहीं है?
(A) अशुद्ध उच्चारण
(B) सुलेख का अनभ्यास
(C) शब्द भण्डार की कमी
(D) रूप रचना का अज्ञान
उत्तर :- (C) शब्द भण्डार की कमी।

18. निम्नलिखित में से कौन-सी वाक्य रचना शुद्ध है?
(A) दस बजे रात गाड़ी जायेगी
(B) रात दस बजे गाड़ी जायेगी
(C) रात में दस बजे गाड़ी जायेगी
(D) शाम दस बजे गाड़ी जायेगी
उत्तर :- (C) रात में दस बजे गाड़ी जायेगी।

19. छात्र द्वारा अवकाश के लिए लिखे जाने वाले प्रार्थना-पत्र के अन्त में लिखना चाहिए?
(A) आपका स्नेही
(B) आपका आज्ञाकारी शिष्य
(C) आपका शुभेच्छु
(D) आपका अभिन्न छात्र
उत्तर :- (B) आपका आज्ञाकारी शिष्य।

20. चित्रों पर प्रश्न करके रचना का शिक्षण देना कौन-सी विधि है?
(A) शब्द-प्रदान विधि
(B) खेल-विधि
(C) उद्बोधन-विधि
(D) चित्र-रचना विधि
उत्तर :- (D) चित्र-रचना विधि।

21. 'छोटे मुंह बड़ी बात करना' का क्या अर्थ है?
(A) बड़ी-बड़ी बातें करना
(B) अपनी योग्यता से अधिक बोलना
(C) डींगे मारना
(D) छोटे होने पर भी बड़ों से बातें करना
उत्तर :- (C) डींगे मारना।

22. 'घाव पर नमक छिड़कना' का क्या तात्पर्य है?
(A) चोट लगाना
(B) नमक का लेप देना
(C) दुखी को और दुखी करना
(D) मरहम-पट्टी करना
उत्तर :- (D) दुखी को और दुखी करना।

23. 'जली-भुनी सुनाना' का क्या अभिप्राय है?
(A) किसी वस्तु को जलाना
(B) भला-बुरा कहना
(C) कड़वी बात कहना
(D) सब कुछ कहना
उत्तर :- (B) भला-बुरा कहना।

24. 'अंधे की लकड़ी होना' का अर्थ है?
(A) बुढ़ापे में एकमात्र सहारा
(B) अंधे के हाथ में लड़की
(C) अंधे को पार कराना
(D) अंधे का लकड़ी के सहारे चलना
उत्तर :- (A) बुढ़ापे में एकमात्र सहारा।

25. गद्य खण्ड के शिक्षण में आप 'वसुन्धरा' शब्द को कैसे समझायेंगे?
(A) मानचित्र द्वारा
(B) प्रतिमूर्ति द्वारा
(C) रेखाचित्र द्वारा
(D) पर्याय कथन द्वारा
उत्तर :- (D) पर्याय कथन द्वारा।

26. कहानी और उपन्यास में किस कारण समानता है?
(A) कथानक
(B) चरित्र चित्रण
(C) वाह्य दृष्टि
(D) कल्पना शक्ति
उत्तर :- (C) वाह्य दृष्टि।

27. गद्य शिक्षण में सर्वाधिक महत्व किसका है?
(A) सस्वर पाठन
(B) मौन वाचन
(C) रसानुभूति
(D) आदर्श वाचन
उत्तर :- (B) मौन वाचन।

28. निम्नलिखित में से कौन-सा कहानी का वर्ग नहीं है?
(A) यथार्थवादी
(B) आदर्शवादी
(C) रसवादी
(D) आदर्शोन्मुखी यथार्थवादी
उत्तर :- (C) रसवादी

29. निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास का तत्व नहीं है?
(A) कथावस्तु
(B) सौन्दर्यानुभूति
(C) देशकाल
(D) शैली
उत्तर :- (B) सौन्दर्यानुभूति

30. उपन्यास शिक्षण में किसका महत्व है?
(A) आदर्श वाचन
(B) अनुकरण वाचन
(C) स्वाध्याय
(D) बोध प्रश्न
उत्तर :- (C) स्वाध्याय

31. काव्य शिक्षण में निम्नलिखित में से किसका महत्व अधिक है?
(A) विचार विश्लेषण
(B) बोध प्रश्न
(C) मौन वाचन
(D) आदर्श वाचन
उत्तर :- (D) आदर्श वाचन।

32. (" ") विराम चिन्ह को क्या कहते हैं?
(A) प्रश्न वाचक चिन्ह
(B) अवतरण चिन्ह
(C) संयोजक
(D) संबोधन
उत्तर :- (B) अवतरण चिन्ह।

33. हिन्दी में मूल्यांकन हेतु निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्रश्न होना उत्तम है?
(A) केवल वस्तुनिष्ठ
(B) केवल निबन्धात्मक
(C) केवल लघु उत्तरीय
(D) तीनों का समन्वित रूप
उत्तर :- (D) तीनों का समन्वित रूप।

34. हिन्दी भाषा में प्रयोग आने वाली लिपि का नाम है?
(A) नागरी लिपि
(B) देव नागरी लिपि
(C) खरोष्ठी लिपि
(D) दक्षिणी लिपि
उत्तर :- (B) देव नागरी लिपि।

35. देव नागरी लिपि की सबसे बड़ी विशेषता है?
(A) यह लिखने में सरल है
(B) इसमें सभी ध्वनियां हैं
(C) यह जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी जाती है
(D) यह उच्चारण में सुविधाजनक है
उत्तर :- (C) यह जैसी बोली जाती है, वैसी ही लिखी जाती है।

36. भाषा की सबसे छोटी इकाई है?
(A) वाक्य
(B) शब्द
(C) अक्षर
(D) स्वनिम (ध्वनि)
उत्तर :- (D) स्वनिम (ध्वनि)।

37. निम्नलिखित में एक संयुक्त व्यंजन है?
(A) ए
(B) ऐ
(C) ओ
(D) क्ष
उत्तर :- (D) क्ष।

38. बाल्यावस्था में भाषा सीखने का मुख्य आधार क्या होता है?
(A) अध्ययन
(B) स्मरण
(C) अभ्यास
(D) अनुकरण
उत्तर :- (D) अनुकरण।

39. भाषा के मौखिक शिक्षण के अभ्यास का आरंभ किससे होता है?
(A) वाक्य रचना से
(B) वार्तालाप से
(C) भाषण से
(D) लेखन से
उत्तर :- (B) वार्तालाप से।

40. निम्नलिखित में से किसकी वर्तनी शुद्ध है?
(A) आर्शीवाद
(B) आशीर्वाद
(C) आर्शिवाद
(D) आशिरवाद
उत्तर :- (B) आशीर्वाद।

41. भाषा की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास हेतु सर्वाधिक उपयोगी विधि कौनसी है?
(A) देखो और बोलो विधि
(B) ध्वनि साम्य विधि
(C) सुनो और बोलो विधि
(D) अभ्यास विधि
उत्तर :- (C) सुनो और बोलो विधि।

42. चित्र वर्णन और कथा रचना के लिए उत्तम विधि है?
(A) देखो और बोलो विधि
(B) अनुकरण विधि
(C) ध्वनि साम्य विधि
(D) प्रश्न मुक्ति विधि
उत्तर :- (D) प्रश्न मुक्ति विधि।

43. भाषा के मौखिक शिक्षण का अभ्यास किस क्रिया से प्रारंभ किया जाता है?
(A) वार्तालाप
(B) भाषण
(C) लेखन
(D) वाक्य-रचना
उत्तर :- (A) वार्तालाप।

44. छोटी कथाओं में रचना-शिक्षण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?
(A) प्रश्नोत्तर
(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति
(C) चित्र वर्णन
(D) निबंध लेखन
उत्तर :- (C) चित्र वर्णन।

45. बहु विकल्पीय प्रश्न होते हैं?
(A) निबंधात्मक
(B) लघु उत्तरीय
(C) वस्तुनिष्ठ
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (C) वस्तुनिष्ठ।

46. आजकल प्रतियोगी परीक्षाओं में सबसे अधिक किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं?
(A) निबंधात्मक
(B) लघु उत्तरीय
(C) वस्तुनिष्ठ
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर :- (C) वस्तुनिष्ठ।

47. मानक भाषा किसे कहते हैं?
(A) राष्ट्रभाषा को
(B) साहित्यिक भाषा को
(C) बोलचाल की भाषा को
(D) राजभाषा को
उत्तर :- (B) साहित्यिक भाषा को।

48. निम्नलिखित में कौन-सा वाचन का आधार नहीं है?
(A) वाचन मुद्रा
(B) छन्दानुगत वाचन शैली
(C) अभिनय
(D) भावात्मक वाचन शैली
उत्तर :- (C) अभिनय।

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक हैं)

जन-आकांक्षाओं पर खरे उतरे हैं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

भोपाल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जन-आकांक्षाओं पर खरे उतरे हैं। उन्होंने सक्षम नेतृत्व का परिचय दिया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सुशासन के हिमायती हैं। उन्होंने वित्तीय कमियों की बात न करते हुए आवश्यक कार्यों के लिए बजट व्यवस्था कर समाधान का मार्ग निकाला यही सुशासन है मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने प्राथमिकताएं तय कर आमजन से जुड़ी समस्याओं को तत्परता से हल किया है।

चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने मध्यप्रदेश को माफियामुक्त और एक विकसित प्रदेश के निर्माण के साथ नागरिकों को सुशासन देने का संकल्प लिया है।

इस संकल्प की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश को कानून-व्यवस्था की दृष्टि से भी मजबूत बनाने के कदम उन्होंने उठाए हैं। इसकी नियमित समीक्षा करते हुए वे खुद इस कार्य में जुट गए हैं। सभी तरह के माफिया के विरुद्ध उनका अभियान तेजी से चल रहा है।

प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद (तेलंगाना राज्य)

पद का नाम - पर्यवेक्षक (मुद्रण), पर्यवेक्षक (तकनीकी नियंत्रण), पर्यवेक्षक (सु.प्रौ.), पर्यवेक्षक (रा.भा.), कनिष्ठ कार्यालय सहायक (हिन्दी)
पदों की संख्या - 05, 03, 02, 01, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 10 अप्रैल 2021
https://spphyderabad.spmcil.com

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली

पद का नाम - परामर्शदाता (परियोजना प्रबंधन एवं प्रारूपण), परामर्शदाता (भू-अंतरिक्ष डाटा एवं प्रारूपण), परामर्शदाता (समन्वित मूल्यांकन प्रारूपण)
पदों की संख्या - 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 9 अप्रैल 2021
www.moef.gov.in

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

पद का नाम - तकनीकी सहायक, तकनीशियन, अवर श्रेणी लिपिक, वनरक्षक, एम.टी.एस.
पदों की संख्या - 03, 02, 04, 01, 08
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 22 अप्रैल 2021
https://sso.rajasthan.gov.in/signin

डॉक्टर अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट केटरिंग एंड न्यूट्रीशन, चंडीगढ़

पद का नाम - सहायक लेक्चरर-सह-सहायक अनुदेशक, अध्यापन एसोसिएट
पदों की संख्या - 05, 03
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 13 अप्रैल 2021
www.ihmchandigarh.org

सैनिक स्कूल, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)

पद का नाम - पीईएम/पीटीआई-सह-मैट्रन (महिला), बैंडमास्टर/संगति शिक्षक, नर्सिंग सिस्टर (महिला), प्रयोगशाला सहायक, वार्डबॉय, आया (महिला)
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 05, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 3 अप्रैल 2021
www.sainikschoolambikapur.org.in

शैक्षिक बहुमाध्यम शोध केन्द्र, रुड़की, उत्तराखंड

पद का नाम - अकाउंट्स असिस्टेंट, पर्सनल असिस्टेंट, तकनीशियन, एम.टी.एस.
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 28 अप्रैल 2021
http://emmrcroorkee.org

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान, सोनीपत, हरियाणा

पद का नाम - प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक
पदों की संख्या - 02, 03, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
www.niftem.ac.in

भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, कोलकाता (बार्क, होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट)

पाठ्यक्रम का नाम - रेडियोलॉजिकल भौतिकी में डिप्लोमा 1 वर्ष अवधि
योग्यता - कुल मिलाकर 60 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री (एमएससी भौतिकी) 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री (मुख्य विषय भौतिकी), प्रायोजित उम्मीदवार को भारत में सरकारी संस्थान के रेडियोथेरेपी विभाग में एक वर्ष का कार्यानुभव।
अंतिम तिथि - 5 अप्रैल 2021
www.barc.gov.in

राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा (उत्तरप्रदेश)

पाठ्यक्रम का नाम - गुणता नियंत्रण कार्मिकों हेतु प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम (यांत्रिकी, इलेक्ट्रिकल, रसायन और सूक्ष्म जैविक क्षेत्रों) (4 सप्ताह की अवधि)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - पहले आएं पहले पाएं (पाठ्यक्रम 5 अप्रैल से आरंभ होगा।)
www.bis.gov.in

भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - शोध कार्यक्रम (पीएचडी/एम.टेक (अनुसंधान), कोर्स कार्यक्रम (एम.टेक/एम.डिजा./एम.प्रबं.), एकीकृत पीएच.डी. कार्यक्रम, बाह्य पंजीकरण
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 5 अप्रैल 2021
www.iisc.ac.in/admissions

यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ, उत्तरप्रदेश

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी प्रोग्राम
योग्यता - न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर्स डिग्री होना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
www.lkouniv.ac.in

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अगरतला, त्रिपुरा

पाठ्यक्रम का नाम - एमवीए प्रोग्राम
योग्यता - न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक होना आवश्यक है।
अंतिम तिथि - 6 अप्रैल 2021
www.nita.ac.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास, चेन्नई

पाठ्यक्रम का नाम - पीएचडी और एम.एस. (अनुसंधान द्वारा) 2021-22 नियमित/अंशकालिक/बाह्य योजनाओं के अंतर्गत
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
https://research.iitm.ac.in

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा - 2020-21

संस्था का नाम - स्कूल, शिक्षा विभाग, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, मध्यप्रदेश, भोपाल
किसके लिए - मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना 9वीं से 12वीं तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए चयन परीक्षा द्वारा चयनित योजना है।
योग्यता - कक्षा 9वीं एवं 11वीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत, कक्षा 10वीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। शासकीय अनुदान प्राप्त एवं स्थानीय निकायों के विद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी होना आवश्यक है।
अंतिम तिथि - 15 अप्रैल 2021
http://www.mponline.gov.in

गर्मियों में नागरिकों को मिले पर्याप्त शुद्ध पेयजल

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर में जलालपुर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जल सप्लाय का कार्य शीघ्र चालू कर दिया जाए। गर्मियों में एक भी नागरिक को शुद्ध पेयजल के लिए परेशान नहीं होना चाहिये।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **सचिन तेंदुलकर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैरियर का सौवां शतक किस मैदान पर बनाया था?**
(अ) वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई
(ब) शेर-ए बांग्ला स्टेडियम, ढाका
(स) चेपक स्टेडियम, चेन्नई
(द) बॉर्डर्स स्टेडियम, जोहानसबर्ग

2. **टेनिस ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।**
(अ) महेश भूपति
(ब) लिएंडर पेस
(स) प्रकाश अमृतराज
(द) इनमें से कोई नहीं

3. **वर्ष 2018 में यूरोप लीग का खिताब किस क्लब ने जीता था?**
(अ) आर्सेनल
(ब) चेल्सी
(स) इंटर मिलान
(द) वेलेंसिया

4. **वेस्टचेस्टर कप किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
(अ) शतरंज
(ब) गोल्फ
(स) पोलो
(द) इनमें से कोई नहीं

5. **इनमें से किसे वर्ष 2020 में द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**
(अ) जसपाल राणा
(ब) राजकुमार शर्मा
(स) यशवीर सिंह
(द) विश्वेश्वर नंदी

6. **वनडे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं।**
(अ) मिताली राज
(ब) सारह टेलर
(स) बेलिंडा क्लार्क
(द) मेग लेनिंग

7. **कतर ओपन-2020 में पुरुष एकल वर्ग के चैंपियन बने थे।**
(अ) गेल मोनफिल्स
(ब) एंड्री रोडिक
(स) आंद्र रूबलेव
(द) थॉमस बर्डिच

8. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम शतरंज में सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनने का रिकॉर्ड है?**
(अ) कार्लसन मैग्नस
(ब) सर्गेई कर्जाकिन
(स) परिमार्जन नेगी
(द) इनमें से कोई नहीं

9. **महिला फुटबॉल को ओलंपिक खेलों में कब शामिल किया गया था?**
(अ) बर्लिन 1936
(ब) टोक्यो 1964
(स) मॉस्को 1980
(द) अटलांटा 1996

10. **दिग्गज टेनिस खिलाड़ी स्टीफन एडबर्ग किस देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?**
(अ) स्वीडन
(ब) ऑस्ट्रिया
(स) चेक रिपब्लिक
(द) मैक्सिको

11. **इनमें से किस देश का राष्ट्रीय खेल आइस हॉकी है?**
(अ) चिली
(ब) कनाडा
(स) अजरबैजान
(द) इंग्लैंड

12. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने वर्ष 2016 में एशियन जूनियर स्क्वॉश चैंपियनशिप जीती है?**
(अ) वेलावन सेंथिलकुमार
(ब) वीर चोटरानी
(स) रवि दिक्षित
(द) कुश कुमार

13. **वर्ष 2019 में वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप किस शहर में आयोजित हुई थी?**
(अ) टोक्यो (जापान)
(ब) ग्लास्गो (स्कॉटलैंड)
(स) ग्वांगझाउ (चीन)
(द) बासेल (स्विट्जरलैंड)

14. **क्रिकेट वर्ल्डकप-2019 में किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था?**
(अ) रोहित शर्मा
(ब) बेन स्टोक्स
(स) केन विलियम्सन
(द) स्टीव स्मिथ

15. **फ्रांसीसी फुटबॉलर ओलिवियर गिरोड किस प्रोफेशनल क्लब के लिए खेलते हैं?**
(अ) बायर्न म्यूनिख
(ब) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(स) पेरिस सेंट जर्मेन
(द) चेल्सी

16. **हाल ही में इनमें से किसे एशियन क्रिकेट काउंसिल का अध्यक्ष चुना गया है?**
(अ) सौरव गांगुली
(ब) एहसान मनी
(स) जय शाह
(द) नजमुल हसन

17. **डाएना एशर स्मिथ किस खेल की दिग्गज खिलाड़ी हैं?**
(अ) मुक्केबाजी
(ब) एथेलेटिक्स
(स) निशानेबाजी
(द) फुटबॉल

18. **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले विकेटकीपर हैं।**
(अ) कुमार संगकारा
(ब) मोहम्मद रिजवान
(स) ब्रैंडन मैक्कुलम
(द) इनमें से कोई नहीं

19. **वर्ष 2020 में प्राग ओपन में महिला एकल वर्ग में चैंपियन बनी थीं।**
(अ) सिमोना हालेप
(ब) क्रिस्टिना मेल्डोविक
(स) जेलेना ओस्तोपेंको
(द) फियोना फेरो

20. **टेनिस खिलाड़ी बियांका आंद्रेस्क्यू किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) अमेरिका
(ब) कनाडा
(स) साउथ अफ्रीका
(द) स्पेन

21. **फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप जीतने वाला पहला यूरोपीय देश है।**
(अ) इटली
(ब) स्पेन
(स) जर्मनी
(द) इंग्लैंड

22. **वर्ष 2010 में विंटर ओलंपिक खेल किस शहर में आयोजित हुए थे?**
(अ) बीजिंग
(ब) प्योंगयांग
(स) एंटवर्प
(द) वैंकुवर

23. **रियो ओलिंपिक-2016 में डेकाथलॉन स्पर्धा में स्वर्ण पदक किसने जीता था?**
(अ) एश्टन इटोन
(ब) केविन मायर
(स) डेमियन वॉर्नर
(द) इनमें से कोई नहीं

24. **इनमें से किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता है?**
(अ) रोजर फेडरर
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) रॉय इमरसन
(द) राफेल नडाल

25 **वर्ष 2020 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनेलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड किसे मिला था?**
(अ) राफेल नडाल
(ब) लियोनल मैसी
(स) लुईस हैमिल्टन
(द) रोहित शर्मा

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (ब), 4. (स), 5. (अ), 6. (द), 7. (स), 8. (ब), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (द), 14. (स), 15. (द), 16. (स), 17. (ब), 18. (स), 19. (अ), 20. (ब), 21. (अ), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

अपनी कमियों और खूबियों के साथ खुद को स्वीकार करते हुये सुधार करते रहना ही जीवन है - स्वामी रामतीर्थ

खेल चर्चा

कमलप्रीत को मिला ओलिंपिक का टिकट

पटियाला, भारत की महिला चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर ने टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर लिया है। कमलप्रीत ने पटियाला में आयोजित फेडरेशन कप सीनियर राष्ट्रीय एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की चक्का फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर ओलिंपिक का टिकट कटाया। कमलप्रीत ने स्पर्धा में 65.06 मीटर दूर चक्का फेंक का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड कृष्णा पूनिया (64.76 मीटर) का था। इस वार ओलिंपिक के लिये क्वालिफिकेशन मानक 63.05 मीटर है, जिस पर कमलप्रीत खरी उतरीं। स्पर्धा में अनुभवी खिलाड़ी सीमा पूनिया ने 62.64 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया।

ज्वेरेव ने जीता मैक्सिकन ओपन का खिताब

अकापुल्को, जर्मनी के युवा टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में ज्वेरेव ने ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को दो घंटे 17 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में 6-4, 7-6 (7-3) से हराया। यह ज्वेरेव के टेनिस कॅरियर का 14वां एटीपी खिताब है। ज्वेरेव वर्ष 2019 में भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे, तब उन्हें निक किर्गियोस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

असगर बने ट्वेंटी-20 क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान

अबुधाबी, अफगानिस्तान के कप्तान असगर अफगान ने विश्व क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया है। असगर ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान वन गये हैं। असगर ने यह उपलब्धि अबुधाबी में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली गई ट्वेंटी-20 सीरीज के तीसरे मैच में हासिल की। यह ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में असगर की कप्तानी में अफगानिस्तान की 42वीं जीत है। इससे पहले ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा जीत का रिकॉर्ड भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के नाम था। अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को ट्वेंटी-20 सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है।

रोनाल्डो चुने गये सीरी-ए लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

रोम, पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लगातार दूसरी बार इटैलियन फुटबॉल लीग सीरी-ए में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। रोनाल्डो ने वर्ष 2019 में भी यह पुरस्कार जीता था। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण यह पुरस्कार घोषित नहीं किया गया था। रोनाल्डो ने पिछले सत्र में जुवेंट्स के लिये 33 मैचों में 31 गोल दागे थे और टीम को लगातार नौवीं बार खिताब जीतने में मदद की थी।

ओलिंपिक खेलों में विदेशी दर्शकों को नहीं मिलेगी एंट्री

टोक्यो, इस वर्ष टोक्यो में आयोजित होने वाले ओलिंपिक और पैरालिंपिक खेलों में विदेशी दर्शकों को अनुमति नहीं मिलेगी। टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति ने कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुये यह निर्णय लिया है। आयोजकों ने अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) को फैसले से अवगत करा दिया है।

भारत ने टेस्ट के बाद ट्वेंटी-20 सीरीज भी की अपने नाम

अहमदाबाद, भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट सीरीज के बाद अब ट्वेंटी-20 सीरीज में भी इंग्लैंड को पटखनी दी है। भारत ने पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज 3-2 से अपने नाम की। भारत ने पांचवें और अंतिम मुकाबले में इंग्लैंड को 36 रन से हराया। इससे पहले इंग्लैंड ने सीरीज का पहला तथा तीसरा मैच जीता था, वहीं भारत ने दूसरा तथा चौथ मैच जीत सीरीज में वापसी की थी।

मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए रोहित शर्मा के साथ कप्तान विराट कोहली को ओपनिंग के लिए भेजा। दोनों ओपनरों ने शुरुआत से ही तेजी से रन जोड़ते हुए भारत को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 9 ओवरों में 94 रन बनाए। रोहित 34 गेंदों में 64 रन बनाकर वेन स्टोक्स की गेंद पर आउट हुये। रोहित के बाद सूर्यकुमार यादव (32) और हार्दिक पंड्या (39) ने विराट कोहली का साथ निभाया। कोहली अंत तक नाबाद रहे और 52 गेंदों में 80 रन की पारी खेली। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 224 रन बनाए।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम को भुवनेश्वर कुमार ने पहले ओवर में ही बड़ा झटका दिया और शून्य स्कोर पर जेसन रॉय को आउट किया। इसके बाद जोस बटलर (52) और डेविड मलान (68) ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 12.3 ओवरों में 130 रन बनाए। भुवनेश्वर कुमार ने इस जोड़ी को तोड़ भारत को फिर मैच में ला दिया। इसके बाद इंग्लिश बल्लेबाजों के आउट होने का सिलसिला शुरू हो गया। लगातार विकेट गंवाने के कारण इंग्लिश टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 188 रन ही बना सकी। भुवनेश्वर कुमार ने अपने चार ओवरों में महज 15 रन खर्च कर 2 विकेट लिए तथा मैन ऑफ द मैच बने।

- **भारत ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया।**
- **इससे पहले भारत ने वर्ष 2007 के ट्वेंटी-20 विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ 218 रन बनाए थे।**
- **भारत की यह ट्वेंटी-20 क्रिकेट में लगातार आठवीं सीरीज जीत है।**
- **विराट कोहली ने मैच में 28वां ट्वेंटी-20 अर्धशतक बनाया।**
- **रोहित शर्मा ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में 26वीं बार 50 प्लस स्कोर बनाया है। (22 अर्धशतक और 4 शतक)**
- **विराट के नाम ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 3159 रन बनाने का रिकॉर्ड है। अब विराट बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 1464 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं।**
- **डेविड मलान ट्वेंटी-20 क्रिकेट में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। मलान ने यह कारनामा 24वीं पारी में किया है।**

शरत और मनिका की जोड़ी को मिला ओलिंपिक टिकट

दोहा, भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अंचत शरत कमल और मनिका बत्रा की जोड़ी को टोक्यो ओलिंपिक का टिकट मिल गया है। शरत और मनिका की जोड़ी ने दोहा में आयोजित एशियाई ओलिंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के फाइनल में दक्षिण कोरिया के सांग सु ली और जिही जनियोन की जोड़ी को 4-2 से हराकर ओलिंपिक में क्वालिफाइ किया। शरत पुरुष एकल वर्ग में तथा मनिका महिला एकल वर्ग में पहले ही ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर चुकी हैं। अब ये दोनों खिलाड़ी मिश्रित युगल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

लोपसन ने विजेंदर सिंह को किया नॉक आउट

गोवा, भारत के दिग्गज पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह के विजय रथ को रूसी मुक्केबाज आर्तिश लोपसन ने रोक दिया है। लोपसन ने विजेंदर को 'वैटल ऑफ शिप' मुकाबले के पांचवें राउंड में नॉकआउट कर दिया। अपने कॅरियर का सातवां मुकाबला खेल रहे लोपसन ने विजेंदर के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की। लोपसन की तेज मुक्केबाजी से विजेंदर को संभलने का मौका नहीं मिला। पांचवें राउंड में एक मिनट और नौ सेकेंड के बाद रेफरी ने लोपसन को विजेता घोषित किया। उल्लेखनीय है कि विजेंदर ने इससे पहले 12 प्रोफेशनल फाइट लड़ी थीं और सभी में जीते थे। इनमें से आठ फाइट में विजेंदर नॉक आउट राइंड में जीते हैं। वहीं लोपसन ने अब तक सात में से पांच मुकाबले जीते हैं।

नोजोमी ओकुहारा ने जीता ऑल इंग्लैंड खिताब

लंदन, जापान की अनुभवी महिला खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में ओकुहारा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवांग को सीधे गेमों में 21-12, 21-16 से हराया। ओकुहारा ने दूसरी बार ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट जीता है। इससे पहले वे वर्ष 2016 में भी चैंपियन बनी थीं। सेमीफाइनल राउंड में पी.वी. सिंधु को हराने वाली पोर्नपावी को खिताब का दावेदार माना जा रहा था। लेकिन उम्मीदों के उलट फाइनल मुकाबले में ओकुहारा का दबदबा रहा। पहले गेम में आसानी से हारने वाली पोर्नपावी ने दूसरे गेम में बेहतर खेल दिखाया, लेकिन वे ओकुहारा को ज्यादा देर तक चुनौती नहीं दे पाईं।

खिताबी जीत के बाद ओकुहारा ने कहा कि मैं ऑल इंग्लैंड टूर्नामेंट जीतकर

काफी खुश महसूस कर रही हूं। मैं अन्य मुकाबलों की तरह ही फाइनल में अपने शॉट्स अच्छे से खेलना चाहती थीं।

पुरुष वर्ग में ली जी जिया बने चैंपियन

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब मलेशिया के ली जी जिया ने जीता। जिया ने फाइनल मुकाबले में डेनमार्क के विक्टर एकसेलसन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 30-29, 20-22 और 21-9 से हराया।

बोसफोरस मुक्केबाजी टूर्नामेंट

निकहत और गौरव ने जीते कांस्य पदक

इस्तांबुल, भारतीय मुक्केबाजों ने तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित बोसफोरस मुक्केबाजी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। भारत के लिये महिला मुक्केबाज निकहत जरीन और पुरुष मुक्केबाज गौरव सोलंकी ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। महिलाओं की 51 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में निकहत जरीन को तुर्की की बुसेनाज कैकिरोगुल के हाथों 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। बुसेनाज मुकाबले में जरीन के ऊपर पूरी तरह हावी नजर आईं। इससे पहले जरीन ने प्री क्वार्टर फाइनल में रूस की वर्ष 2019 की विश्व चैंपियन मुक्केबाज पेल्टसेवा इकटेरिना और क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की दो बार की विश्व चैंपियन नजीम कजाइबे को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गौरव सोलंकी को भी सेमीफाइनल में हार

का सामना करना पड़ा। गौरव को अर्जेंटीना के मुक्केबाज निकोलस क्युलो ने 5-0 से हराया। इस स्पर्धा में गौरव को स्वर्ण पदक का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन गौरव सेमीफाइनल में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाये। इससे पहले गौरव ने क्वार्टर फाइनल में तुर्की के अयकोल मिजान को हराया था। टूर्नामेंट में भारत की अन्य महिला मुक्केबाज सोनिया लाठेर, परवीन और ज्योति क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थीं।

इंडिया लीजेंड्स ने जीती रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज

रायपुर, पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों से सजी भारतीय लीजेंड्स टीम ने रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय लीजेंड्स ने टूर्नामेंट के फाइनल में श्रीलंका लीजेंड्स को 14 रनों से हराया। मैच में भारतीय लीजेंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 181 रन बनाये। भारतीय टीम के लिये यूसुफ पठान (62) और युवराज सिंह (60) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, वहीं सचिन तेंदुलकर ने 30 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुये तिलकरत्ने दिलशान (21) और सनथ जयसूर्या (43) ने श्रीलंका को बढ़िया शुरुआत दिलाई, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद श्रीलंकाई पारी बिखर गई। श्रीलंकाई टीम निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 167 रन ही बना सकी। उल्लेखनीय है कि सीरीज में विश्व के पूर्व क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप

एश्वर्य और चिंकी ने जीते स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, मध्यप्रदेश के खेल जगत में उस वक्त खुशी की लहर छा गई जब मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी के स्टार खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और चिंकी यादव ने आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में सोने पर निशाना साधा और दो स्वर्ण पदक देश को दिलाए। मध्यप्रदेश के निशानेबाज एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन और चिंकी यादव ने 25 मीटर पिस्टल इवेन्ट में शानदार प्रदर्शन किया और देश-विदेश के नामचीन निशानेबाज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा।

आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप में चिंकी यादव ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला वर्ग की व्यक्तिगत 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में कुल 32 अंक अर्जित कर देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारत की राही सरनोबत दूसरे

और मनु भाकर तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह पुरुष वर्ग की 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.5 का स्कोर करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाया। हंगरी के खिलाड़ी 461.6 अंकों के साथ दूसरे और डेनमार्क के खिलाड़ी 450.9 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

खिलाड़ियों पर हमें गर्व

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि शूटिंग अकादमी के स्टार खिलाड़ी एश्वर्य प्रताप और चिंकी यादव ने विश्वकप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। खेल मंत्री ने दोनों खिलाड़ियों के प्रतिभा प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि टोक्यो ओलिंपिक के लिए निशानेबाजी में भारत को कोटा दिलाने वाले दोनों खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिखाया है कि वे निशानेबाजी में किसी से कम नहीं है।

सामयिकी

भारत और फ्रांस

तीसरे संयुक्त सैटेलाइट मिशन पर कर रहे काम

भारत और फ्रांस तीसरे संयुक्त सैटेलाइट मिशन पर मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय अंतरिक्ष सहयोग भी आगे बढ़ रहा है। इसरो के अध्यक्ष के. सिवन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में हाल ही में किए गए सुधारों का लाभ फ्रांसीसी कंपनियां उठाना चाहती है। उन्होंने यह जानकारी राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार हेतु राष्ट्रीय परिषद् (एनसीएसटीसी) और विज्ञान प्रसार द्वारा आयोजित डिजिटल कार्यक्रम के दौरान साझा की।

कैच द रेन

देश का विकास जल सुरक्षा एवं जल कनेक्टिविटी पर निर्भर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'जल शक्ति अभियान : वर्षा जल संचयन (कैच द रेन)' अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने राजस्थान, उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात के सरपंचों और वार्ड पंचों के साथ भी बातचीत की।

- **प्रधानमंत्री की उपस्थिति में, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने केन बेतवा लिंक परियोजना को लागू करने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।**
- **यह परियोजना नदियों को आपस में जोड़ने के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना की पहली परियोजना है।**

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर 'कैच द रेन अभियान' की शुरुआत के साथ केन-बेतवा लिंक नहर के लिए भी एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता नदियों को जोड़ने के लिए भारत

रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की परिकल्पना और स्वप्न को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज का समझौता उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के लाखों परिवारों के हित में होगा। पीएम ने जोर देकर कहा कि जल सुरक्षा और प्रभावी जल प्रबंधन के बिना तेजी से विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत के विकास और भारत की आत्मनिर्भरता की परिकल्पना, हमारे जल स्रोतों और हमारी जल कनेक्टिविटी पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के विकास के साथ जल संकट की चुनौती समान रूप से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी जिम्मेदारी को निभाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने अपनी नीतियों और फैसलों में जल प्रशासन को प्राथमिकता दी है। पिछले 6 वर्षों में, इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हर खेत को पानी अभियान, प्रति बूंद अधिक फसल अभियान और नमामि गंगे मिशन, जल जीवन मिशन या अटल भूजल योजना के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इन सभी योजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वर्षा जल का बेहतर प्रबंधन करता है, भूजल पर देश की निर्भरता कम होती है। इसलिए, 'कैच द रेन' जैसे अभियानों की सफलता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को जल शक्ति अभियान में शामिल किया गया है। उन्होंने मानसून तक जल संरक्षण के प्रयासों को तेजी से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सरपंचों और डीएम/डीसी के महत्व पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि जल शपथ जो पूरे देश में आयोजित की जा रही है, हर किसी की प्रतिज्ञा और दूसरा स्वभाव बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब पानी को लेकर हमारा स्वभाव बदलेगा तो प्रकृति भी हमारा साथ देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षा जल संचयन के अलावा, हमारे देश में नदी जल के प्रबंधन पर भी दशकों से चर्चा हुई है। देश को जल संकट से बचाने के लिए अब इस दिशा में तेजी से काम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना भी इस दृष्टि का हिस्सा है। उन्होंने इस परियोजना को वास्तविकता बनाने के लिए उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश सरकार दोनों की सराहना की।

आईसीएआर को

मिला "किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे- 2020" पुरस्कार

थाईलैंड में भारत की राजदूत सुश्री सुचित्रा दुरई ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की तरफ से एफएओ का प्रतिष्ठित 'किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे-2020' पुरस्कार ग्रहण किया। थाईलैंड के कृषि एवं सहकारिता मंत्री डॉ. शैलेरमचाई स्रिओन ने बैंकॉक, थाईलैंड में हुए एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया। एफएओ, रोम ने विश्व मृदा दिवस-2020 की शाम को बीते साल के दौरान 'मृदा क्षरण रोको, हमारा भविष्य बचाओ' विषय पर मृदा 'स्वास्थ्य जागरूकता' में योगदान के लिए आईसीआरए को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान देने का ऐलान किया था। आईसीएआर- मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल, मध्यप्रदेश ने स्कूली छात्रों, कृषि समुदाय और आम जनता के लिए भारी उत्साह के साथ कई

कार्यक्रमों का आयोजन किया। संस्थान ने विश्व मृदा दिवस के आयोजन के तहत 'मृदा- हमारी धरती मां' के संरक्षण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जिसमें मार्च-पास्ट और प्रतिभागियों को मृदा स्वास्थ्य पर प्रचार सामग्री का वितरण शामिल था।

उत्तरी जापान में भूकंप के तगड़े झटके

उत्तरी जापान के पास के इलाके में अल-सुबह भूकंप के तगड़े झटके महसूस किये गये। जिससे टोक्यो में भी इमारतें हिल

गईं, जबकि उत्तरी तट के एक हिस्से के लिये सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। भूकंप में किसी क्षति या किसी के घायल होने की कोई जानकारी नहीं है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.0 मापी गई और इसकी गहराई 54 किलोमीटर मापी गई। भूकंप का केंद्र देश के उत्तर पूर्वी हिस्से के मियागी के पास केंद्रित था जिसे 2011 के भूकंप और सुनामी के दौरान क्षति पहुंची थी।

भारत और अमेरिका

सामरिक साझेदारी मजबूत करेंगे

राष्ट्रपति जो बाइडेन के सत्ता संभालने के बाद भारत के रक्षा संबंधों को मजबूती देने अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन भारत पहुंचे। भारत पहुंचते ही उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

ऑस्टिन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इसमें भारत-अमेरिका के रणनीतिक और सामरिक रिश्तों को नई दिशा देने पर मंत्रणा की। दोनों देशों के रक्षा खरीद से जुड़े मसलों पर भी चर्चा हुई।

ऑस्टिन की यात्रा कूटनीतिक मुलाकातों और चर्चाओं के लिहाज से काफी व्यस्त रही। पहले ही दिन पीएम मोदी और एनएसए डोभाल से उनकी मुलाकात के गहरे मायने हैं। क्वाड के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,

जापानी पीएम योशिहिदे सुगा और ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन की वर्चुअल शिखर वैठक के बाद यह चर्चा और अहम हो गई है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री के तौर पर एशिया की पहली यात्रा के दौरान ऑस्टिन का दक्षिण कोरिया, जापान और भारत का दौरा करना भी अमेरिकी प्रशासन की रणनीति का साफ संकेत है।

मंगल ग्रह की बाहरी सतह पर पानी मौजूद

नासा के वैज्ञानिकों ने बताया है कि मंगल ग्रह की बाहरी सतह में पानी मौजूद है। खनिज पदार्थों के भीतर यह अवशोषित रूप में है। नये शोध के मुताबिक मंगल ग्रह का 30 से लेकर 99 प्रतिशत तक पानी इस लाल ग्रह पर छिपा हुआ है।

- **मंगल ग्रह पर अरबों साल पहले पानी के विशाल तालाब, झीलें और समुद्र मौजूद थे, लेकिन समय के साथ यह गायब हो गये। यह पानी कहां गया लंबे समय से वैज्ञानिक खोज रहे हैं।**

मंगल ग्रह के ऊपर चक्कर काट रहे सैटेलाइट और रोवर के डेटा के जरिये वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। नासा के प्लेनेटरी डेटा सिस्टम की मदद से इस रहस्य का पता लगाया गया।

अमेरिका के सैन्य अड्डे पर हमला करना चाहता है ईरान

ईरान ने अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन के पास स्थित सैन्य अड्डे फोर्ट मैकनायर पर हमले की धमकी दी है। जानकारी के अनुसार विशिष्ट ईरानी बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने यूएसएस कोल की तर्ज पर हमला करने की तैयारी की थी। खुफिया रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2000 में हुये आत्मघाती हमले की ओर ईशारा किया गया था। जिसमें एक छोटी नाव को यमन बंदरगाह पर खड़े अमेरिकी युद्ध पोत से टकरा दिया गया था, जिसमें 17 सैनिकों की मौत हो गई थी।

जापानी सैटेलाइट

अंतरिक्ष से कबाड़ साफ करेगी

अंतरिक्ष में फैल रहे कबाड़ (कचरे) को साफ करने के लिये जापान ने मैग्नेटिक सैटेलाइट को लॉन्च कर दिया गया है। इससे अंतरिक्ष का कचरा धीरे-धीरे हटाने में मदद मिलेगी।

- **इस सैटेलाइट को ईएलएस-डी नाम दिया गया है।**
- **इसे जापानी फर्म स्ट्रॉस्केल द्वारा बनाया गया है।**

इस सैटेलाइट को कज़ाकिस्तान से लॉन्च किया गया। इसमें दो अंतरिक्ष यान

हैं, जो ब्रह्मांड में ढेर सारे टेस्ट करेंगे। स्ट्रॉस्केल की स्थापना 2013 में जापानी व्यवसाई नोबु ओकाडा ने की थी। ओकाडा की माने तो एक अनुमान के मुताबिक अंतरिक्ष में करीब 9 हजार दो सौ टन कबाड़ है, इसमें से अधिकांश टुकड़े अंतरिक्षयान के टूटे हुये हिस्से हैं।

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

सिक्किम फिल्मों के लिए सबसे ज्यादा अनुकूल राज्य

67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के निर्णायक मंडल (ज्यूरी) ने वर्ष 2019 के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा की। पुरस्कारों की घोषणा से पहले निर्णायक मंडल के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर से मुलाकात की और उन्हें पुरस्कारों का परिणाम सौंपा। निर्णायक मंडल में भारतीय सिनेमा जगत के ख्याति प्राप्त फिल्म निर्माता और जानी-मानी फिल्मी हस्तियां शामिल हैं। पुरस्कारों की घोषणा सेंट्रल पैनल के अध्यक्ष श्री एन. चंद्रा, गैर-फीचर फिल्म ज्यूरी के अध्यक्ष श्री अरुण चड्ढा, मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट ज्यूरी के अध्यक्ष श्री शाहजी एन. करुण और बेस्ट

राइटिंग ऑन सिनेमा ज्यूरी के अध्यक्ष श्री सैवल चटर्जी ने की।

भरपूर मनोरंजन प्रदान करने वाली फिल्म 'महर्षि' को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार, जबकि आनंदी गोपाल को सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनाने के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। केसरी फिल्म में 'तेरी मिट्टी' गाने के लिए बी. पराक को सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक गायक (पुरुष श्रेणी) का

- **बेस्ट सपोर्टिंग अभिनेता का पुरस्कार विजय सेतुपति, सुपरडीलक्स (तमिल) को मिला।**
- **बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का पुरस्कार फिल्म 'बरसो' (मराठी) के गीत 'रान पेटाला' के लिए सवानी रवींद्र को मिला है।**
- **बेस्ट सपोर्टिंग अभिनेत्री का पुरस्कार फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स' के लिए पल्लवी जोशी को मिला।**
- **छिछोरे को मिला सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार।**

पुरस्कार, 'ओथ्था सेरुप्पु साइज़-7' को विशेष ज्युरी पुरस्कार दिया गया। वहीं मनोज बाजपेयी और धनुष को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार मिला। हिंदी फिल्म 'भोंसले' और तमिल फिल्म 'असुरन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। जबकि 'मणिकर्णिका- दि क्वीन ऑफ झांसी और पंगा के लिए कंगना रनौत को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया।

गैर-फीचर फिल्म की श्रेणी में 'एनइंजीनियर ड्रीम' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि 'मरक्कर अराबिक्कदालिन्ते सिम्हम' को फीचर फिल्म की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के पुरस्कार से नवाज़ा गया। 'कस्तूरी' ने सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म (बेस्ट चिल्ड्रंस फिल्म) का पुरस्कार अपनी झोली में डाला। वहीं दूसरी ओर, श्रीक्षेत्र-रु-सहीजता को सर्वश्रेष्ठ आर्ट एवं कल्चर फिल्म का पुरस्कार मिला। सिक्किम को फिल्मों के लिए सबसे ज्यादा अनुकूल राज्य (मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट) का पुरस्कार मिला। मराठी फिल्म बारदो में रान पतोला गाने के लिए सावनी रविन्द्रन को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का पुरस्कार। मलयालम फिल्म जल्लिकट्टु के लिए गिरीश गंगाधरन को बेस्ट सिनेमटोग्राफी पुरस्कार दिया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कर्म करने के लिये साहस के साथ श्रम की आवश्यकता होती है – ब्रूसली

" मोदी जी के सपने को, पूरा करता मध्यप्रदेश "

मध्यप्रदेश शासन

श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

जनसेवा का एक साल

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'आपदा में अवसर' के मंत्र पर चलते हुए हम उनके 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को पूरा करने के लिये आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण कर रहे हैं।"

- शिवराज सिंह चौहान

प्रमुख कार्य

- **विभिन्न योजनाओं में एक लाख 18 हजार करोड़ रुपये की सहायता सीधे प्रदेशवासियों के खातों में।**
- भू-माफिया के कब्जे से 9 हजार करोड़ रुपये की तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की शासकीय जमीन मुक्त।
- कोरोना काल में भी 129 लाख मी. टन से अधिक गेहूं की खरीदी कर 25 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में।
- कोरोना संक्रमितों की पूरी तरह मुफ्त जाँच एवं इलाज। कोरोना को रोकने के लिए बड़े स्तर पर इलाज की सुविधाएं और जरूरतमंद लोगों के लिए खाना, दवा और आर्थिक मदद के इंतजाम।
- प्रदेश के इतिहास में मनरेगा योजनांतर्गत सर्वाधिक 30 करोड़ से अधिक मानव दिवसों का सृजन।
- 2000 ग्रामों में शत्-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन का प्रदाय।
- मोबाइल पर खसरा/खतौनी/नक्शे की नकल, आय/मूल निवास प्रमाण-पत्र प्रदान करने की सुविधा।
- केन-बेतवा नदी जोड़ो योजना का अनुबंध सम्पन्न।

नई योजनाएं

- मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना
- मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना
- सी.एम. राइज योजना
- मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना
- मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना
- मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना
- पुलिसकर्मियों के लिए कर्मवीर योद्धा पदक योजना
- मुख्यमंत्री कोरोना योद्धा कल्याण योजना
- मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना।

योजनाएं फिर शुरू

- मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना
- मुख्यमंत्री कन्यादान/निकाह योजना
- दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना
- किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण योजना
- मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप देने की प्रतिभा प्रोत्साहन योजना
- पंच-परमेश्वर योजना
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद्।

कानूनों और नियमों में बड़े बदलाव

- किसानों को फसल बेचने के बेहतर विकल्प देने के लिये मंडी कानूनों में सुधार
- मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम-2020
- साहूकारों से मुक्ति दिलाने के लिये अनुसूचित जनजाति ऋण विमुक्ति अधिनियम-2020
- शहरी भूमियों के बेहतर उपयोग के लिये नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2012 में संशोधन।

देश में अग्रणी

- गेहूं खरीदी में देश में पहला स्थान
- एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना में पहले स्थान पर
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में पहला स्थान
- मनरेगा योजना की बजट वृद्धि में दूसरा स्थान
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पहला स्थान
- प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को ऋण देने में पहला स्थान
- स्मार्ट सिटी रैंकिंग में दूसरा स्थान
- जल जीवन मिशन में 18 लाख नल कनेक्शन देकर दूसरा स्थान
- सुगम व्यवसाय रैंकिंग में चौथा स्थान

मास्क लगाएं, जीवन बचाएं

शिवराज सरकार - भरोसा बरकरार

D-11197/R-45397/2021

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।